इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






वर्ष- 44 अंक - 216 राजनांदगांव, मंगलवार 24 जून 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए


# ईरान का अमेरिका पर पलटवार, कतर के दोहा में अमेरिकी बेस पर दागीं 6 मिसाइलें; ट्रंप ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

नई दिल्ली। ईरान ने कतर के दोहा में मौजूद अमेरिकी बेस पर सोमवार रात मिसाइल हमले किए। इजरायली अधिकारियों ने दावा किया कि ईरान की ओर से 6 मिसाइलें दागी गई। कतर के अल उबेद बेस पर ईरान ने हमला किया। हालांकि, कतर का दावा है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुए हमले में किसी हताहत होने की खबर नहीं है।ईरान के पलटवार के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सिचुएशन रूम में हाईलेवल मीटिंग बुलाई। अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ ट्रंप बैठक कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ईरान के हमले में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं।

### अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों को किया तबाह

बता दें कि भारतीय समयानुसार, रविवार सुबह अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकाने, नितांज, इस्फ्हान और फोर्डो पर हमले किए थे। इस हमले के बाद ईरान ने अमेरिका को बुरे परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। अमेरिकी की कार्रवाई के बाद यूएस की सेना अलर्ट मोड पर है। ईरान ने



साफ तौर पर कहा है कि अमेरिका ने युद्ध को अपराध किया है, जिसकी कीमत उसे भुगतनी होगी। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने अमेरिका पर हमला किया तो अमेरिकी सेना इस करारा जवाब देगी।

रविवार को अयातुल्ला अली खामेनेई शासन के अधिकारियों ने कहा था कि मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी नागरिक ईरान के निशाने पर हैं। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका में मौजूद उसके स्लिपर सेल एक्टिव हो सकते हैं। 12 जून की सुबह इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन नामक सैन्य कार्रवाई शुरू की। इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए।

### अमेरिका ने फोर्डो परमाणु संयंत्र को किया तबाह

ईरान की सबसे सुरक्षित माने जाने वाले परमाणु संयंत्र फोर्डो को निशाना बनाया है। उपग्रह द्वारा ली गई तस्वीरों से पता चलता है कि अमेरिका ने ईरान के भूमिगत परमाणु संवर्धन केंद्र फोर्डो की दो संरचनाओं पर सटीक निशाना साधा, जिनके बारे में विशेषज्ञों ने कहा है कि वे वेंटिलेशन साफ्ट हो सकते हैं। ये संरचनाएं संयंत्र चालू होने के शुरुआती दिनों में दिखाई देती थीं। 2009 तक उपग्रह चित्रों में इन्हें देखा जा सकता था। लेकिन, 2011 तक दोनों संरचनाएं दिखाई देना बंद हो गईं। मौजूद स्थिति को देखते हुए कतर सरकार ने देश के एअरस्पेस बंद करने का फैसला किया है। इसी बीच एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कोच्चि से मस्कट जाने वाली हमारी दोहा जाने

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईरान के समर्थन में खुलकर आया रूस, व्लादिमीर पुतिन बोले- तेहरान को देंगे हरसंभव मदद; अमेरिकी हमलों की निंदा की

मॉस्को। इस्राइल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं।



रूस ने ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर भी अपना पक्ष साफ किया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक अहम तरीका है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप की हाल की बातचीत में ईरान का जिक्र कई बार हुआ है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को मॉस्को में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के दौरान इन हमलों को बेवजह बताया। पुतिन ने कहा कि आप ऐसे समय रूस आए हैं जब आपके देश और पूरे क्षेत्र में हालात काफी तनावपूर्ण हैं। उन्होंने अमेरिकी हमलों को गलत ठहराते हुए कहा कि रूस ईरानी जनता की हर संभव मदद करने की कोशिश कर रहा है। पुतिन ने आगे कहा कि हम ईरानी

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मिड-एयर अलर्टः उड़ान के तुरंत बाद तकनीकी खराबी! जम्मू जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट वापस दिल्ली लौटी

नई दिल्ली। 12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश के बाद आए दिन विमानों में खराबी की खबरें सामने आ रही हैं। इस बीच सोमवार (23 जून) को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एयर इंडिया एक्सप्रेस की IX2564 फ्लाइट में उड़ान भरने के तुरंत बाद टेक्निकल ग्लिच की खबरें आई। यह विमान दिल्ली से जम्मू के लिए उड़ान भरा था, लेकिन बीच में ही इसे वापस दिल्ली एयरपोर्ट लौटना पड़ा। रिपोर्ट्स के अनुसार, एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट नंबर IX2564 को दिल्ली से जम्मू तक जाना था,लेकिन उड़ान भरने के बाद तकनीकी खराबी के कारण इसे दिल्ली वापस बुला लिया गया। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया




कि तकनीकी कारणों से विमान को दिल्ली वापस लौटना पड़ा। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई। इससे पहले सोमवार तड़के जयपुर से दुबई जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX-195 को भी तकनीकी खराबी के कारण रद्द करना पड़ा। फ्लाइट सुबह 5.30 बजे रवाना होने वाली थी लेकिन टेक्सींग के दौरान कॉकपिट में गड़बड़ी का पता चला। पायलट ने तुरंत विमान को एप्रन पर लौटा दिया। चार घंटे तक तकनीकी दिक्कत को ठीक करने की कोशिश की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। इस दौरान यात्रियों को विमान में ही

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शशि थरूर ने फिर की पीएम मोदी की तारीफ, बताया प्राइम एसेट

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पीएम मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता को वैश्विक स्तर पर भारत के लिए अहम पूंजी बताया है। शशि थरूर ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' के एक लेख में यह बात कही है। थरूर ने इसे और अधिक सहयोग और समर्थन देने की भी बात कही। बता दें कि हाल ही में शशि थरूर ने भारतीय सांसदों के डेलिगेशन के साथ अमेरिका सहित कई देशों का दौरा भी किया। यहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के पक्ष को दुनिया के सामने रखा। थरूर का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कांग्रेस लगातार मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रही है।



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' के लिए लिखे एक लेख में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद किया गया राजनयिक संपर्क राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऊर्जा, उनका बहुआयामी व्यक्तित्व और संवाद की तत्परता वैश्विक मंच पर भारत के लिए एक अहम पूंजी बनी हुई है, लेकिन इसे अधिक समर्थन की आवश्यकता है।÷ बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की तरफ से शशि थरूर ने विभिन्न देशों में भारत के रूख को रखा। थरूर ने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के बाद राजनयिक संपर्क, राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संवाद का क्षण था। इसने इस बात पुष्टि की है कि भारत एकजुट होने पर अपनी आवाज स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रख सकता है।'' अपने लेख में,

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तेल की कीमतों को मत बढ़ाना, मैं सब कुछ देख रहा हूं, ईरान-इजरायल जंग के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

नई दिल्ली। ईरान-इजरायल युद्ध की वजह से इंटरनेशनल मार्केट में तेल की कीमतें आसमान छू चुकी हैं। कच्चे तेल की कीमत एक समय 81.40 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी। मामले पर अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार (23 जून, 2025) को तेल की कीमतों को नीचे रखने की इच्छा व्यक्त की है। उन्हें डर है कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है। उन्होंने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, सभी लोग तेल की कीमतों को कम रखें, मैं देख रहा हूं। आप दुश्मन के हाथों में खेल रहे हैं, ऐसा मत कीजिए। इसके अलावा ट्रंप ने अमेरिकी ऊर्जा विभाग को संबोधित करते हुए एक और पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने उसे ड्रिल, बेबी, ड्रिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा मेरा मतलब अभी है। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों को लेकर



चिंता बनी हुई है, खासकर वैश्विक तेल आपूर्ति में ईरान के रणनीतिक महत्व को देखते हुए। ईरान OPEC+ के कुल प्रोडक्शन में लगभग एक तिहाई का योगदान करता है और इस ग्रुप का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसकी आपूर्ति में कोई भी व्यवधान वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर सकता है, खासकर तब जब ईरान जवाबी कार्रवाई करने का निर्णय लेता है और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी देता है। ये एक महत्वपूर्ण शिपिंग रास्ता है जिसके जरिए दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। हालांकि, इजरायल-ईरान संघर्ष में हाल ही में अमेरिका की भागीदारी के बाद, विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की बाधा होने की स्थिति में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल का जोखिम अभी भी बना हुआ है।

# 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव : गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में आप जीती; बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत



गांधीनगर/कोलकाता/लुधियाना/तिरुवनंतपुरम। चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आप के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे।

केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने CPIM के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर TMC प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

### केजरीवाल बोले- मैं राज्यसभा नहीं जा रहा

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

### उपचुनाव वाले राज्यों में वर्तमान सरकार की स्थिति

गुजरातः यहां भाजपा की सरकार है। भूपेंद्र पटेल सीएम हैं। कुल विधानसभा सीटें 182 हैं। भाजपा के पास 161 विधायक हैं, कांग्रेस के पास 12 और आप के पास चार हैं। जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी और दो निर्दलीय के पास है। पश्चिम बंगालः राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। ममता बनर्जी सीएम हैं। कुल विधानसभा की 294 सीटें हैं। टीएमसी के पास 215 विधायक हैं। भाजपा के पास 77 सीटें हैं। कांग्रेस का

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# यमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसा, अचानक दरका पहाड़, मलबे में दबे कई यात्री, किशोरी समेत दो की मौत

बड़कोट(उत्तरकाशी)। मानसून शुरू होते ही पहाड़ में भूस्खलन की घटनाएं सामने आने लगी हैं। सोमवार दोपहर जानकीचट्टी-यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर भूस्खलन होने से कई लोग दब गए। सूचना पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों ने बचाव अभियान शुरू कर मुंबई निवासी एक यात्री को बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। घटना में एक किशोरी की मौत हो गई। वहीं, एनडीआरएफ से मिली जानकारी के अनुसार घटना स्थल से एक और शव बोल्डर और मलबे के नीचे से निकाला गया है। अन्य दबे लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।



जानकारी के अनुसार जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौकैंची के समीप अचानक बोल्डर और मलबा गिर गया। उस दौरान पैदल मार्ग पर जा रहे करीब कई लोग बोल्डर के साथ खाई में जा गिरे। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बचाव अभियान के दौरान मलबे और बोल्डर के नीचे दबे मुंबई निवासी रशिक को बाहर निकालकर उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी भेजा। उनके सिर और हाथ पर चोट लगी है और वह खतरे से बाहर हैं।

रशिक ने बताया कि उनका एक दोस्त भी बोल्डर की चपेट में आया है।जबकि एक 12 वर्षीय किशोरी की बोल्डर की चपेट में आने से मौत हो गई, उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है। डीएम प्रशांत आर्य ने बताया कि अभी तक तीन लोगों की पुष्टि हुई है। उसमें से एक घायल का उपचार चल रहा है। एक बच्ची का शव मिला है। वहीं घायल के अनुसार उसका एक साथी भी मलबे में दबा है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शहादत को किया नमन : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शहीद आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से की मुलाकात



रायपुर। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में बलिदान आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। शाह ने शहीद के साहस को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य करार दिया। इस अवसर पर शाह ने शहीद के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार शहीदों के परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

# इजरायल की ईरान पर ताबड़तोड़ बमबारी, 50 से ज्यादा फाइटर जेट्स ने अहम सैन्य ठिकानों पर बोला धावा


तेल अवीव। इजरायली सेना ने सोमवार को दावा किया कि उसके 50 से अधिक लड़ाकू विमानों ने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर तेहरान में ईरान के आंतरिक सुरक्षा बलों और ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से संबंधित प्रमुख कमांड सेंटरों और संपत्तियों पर हवाई हमले किए. आईडीएफ ने बताया कि ये ताजा हवाई हमले ईरानी शासन की सैन्य क्षमताओं को नुकसान पहुंचाने के लिए तेहरान क्षेत्र में ईरान के सैन्य मुख्यालय, मिसाइल और रडार प्रोडक्शन साइट और मिसाइल स्टोरेज को निशाना बनाकर किए गए.



आईडीएफ ने कहा कि उसने ईरानी शासन के कई सैन्य मुख्यालयों पर हमला किया है, जिसमें थरल्लाह मुख्यालय भी शामिल है, जो रिवोल्यूशनरी गार्ड्स का जनरल हेडक्वार्टर है, जिसे तेहरान को आंतरिक खतरों सहित अन्य सुरक्षा खतरों से बचाने के लिए बनाया गया है. इसके अलावा, इजरायली लड़ाकू विमानों ने सैयद अल-शहादा ब्रिगेड पर भी बमबारी की, जो रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के अधीन आता है और ईरान की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालता है. आईडीएफ ने कहा कि उसने ईरानी शासन की सैन्य क्षमताओं पर अपने हमले तेज कर दिए हैं और इजरायल की सुरक्षा बनाए रखने के लिए कार्रवाई जारी रखेगा. हमले के तहत आईआरजीसी के केंद्रीय सशस्त्र ठिकानों में से एक, बसीज हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया. अपने अन्य कार्यों के साथ-साथ, यह मुख्यालय इस्लामी कानून को लागू करने और इनका उल्लंघन करने वाले

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में भारत के प्रथम उद्योग मंत्री, महान शिक्षाविद्, और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण समर्पित किया। वे न केवल कुशल संगठक थे, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनायक भी थे, जिन्होंने भारतीय राजनीति को राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता के

(शेष पृष्ठ 6 पर...)






# पहला कॉलम...

## ग्राम सुरगी में नवविद्यालय अर्नव पब्लिक स्कूल का शुभारंभ



### शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत बच्चों का पारंपरिक स्वागत

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में इन दिनों शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम सुरगी में नव स्थापित अर्नव पब्लिक स्कूल का उद्घाटन ग्राम पंचायत सरपंच सुग्रीव साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में बच्चों के स्वागत के लिए तिलक, पुष्पवर्षा और मिठाई वितरण जैसे पारंपरिक आयोजन हुए। बच्चों और पालकों में नई शुरुआत को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुमन साव, संस्था के संरक्षक एसके देवांगन, शाला के स्टाफ ग्रामीणजन एवं पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## जिक्र ए शोहदा ए कर्बला



दुर्ग (दावा)। अंजुमन इसलाहुल मुस्लिमीन कमेटी दुर्ग की ओर से हर साल की तरह इस साल भी 10 रोज जलसा (प्रवचन) का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।जो 27जून शुक्रवार से शुरू होगा। और 06 जुलाई रविवार को समापन होगा। अंजुमन के जुनैद लाल आजमी ने बताया कि पिछले 59वर्ष से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है और इस साल 60वाँ वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस साल भी जलसा (प्रवचन) का कार्यक्रम 10 रोज तक मनाया जा रहा है।

जिसमें प्रमुख रूप से हजरत मौलाना मुफ्ती जाकिर हुसैन नईमी साहब मुरादाबाद उत्तरप्रदेश से तारीफ ला रहे है। जो 1 मोहर्रम से यानी 27 जून 2025 से 10 मोहर्रम 6 जुलाई 2025 तक तकरीर (प्रवचन) करेंगे और साथ ही साथ पैगम्बर साहब के वंशज औलादें अली हुजूर ताजुल औलिया हजरत सैय्यद मोहम्मद पीर जलालुद्दीन अशरफ अशरफी उल जिलानी कीछोछा शरीफ आंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश से तशरीफ ला रहे है। जो 9 मोहर्रम 5 जुलाई और 10 मोहर्रम 6 जुलाई को तकरीर (प्रवचन) करेंगे। हजरत सैय्यद साहब के मानने वाले सिर्फ मुस्लिम समाज के नहीं बल्कि सभी समाज के लोग मानते है। और अपनी अपनी श्रद्धा पेश करते है सैय्यद मोहम्मद साहब के आने से दुर्ग शहर में एक खुशी की लहर दौड़ रही है।काफी वक्त के बाद सैय्यद साहब इस कार्यक्रम के उपस्थित हो रहे है। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए खास बैठने का इंतेज़ाम किया गया है। अंजुमन सभी लोगों से अपील करती है को ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए। और हुसैन ए आज़म की महफिल आकर फैजियाब होए।

## आईटीआई टेड़ेसरा में प्रवेश के लिए 25 जून तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था टेड़ेसरा में सत्र अगस्त 2025 के लिए संस्था में संचालित व्यवसाय कोपा (एनसीवीटी), विद्युतकार (एससीवीटी) एवं फिटर (एससीवीटी) में प्रवेश के लिए 25 जून 2025 तक वेबसाईट https://cgiti.admissions.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में संस्था से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व निःशुल्क जांच एवं उपचार नियमित तौर पर होना चाहिए - कलेक्टर

- जिले में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की जरूरत
- कलेक्टर ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली



राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी चिकित्सालयों में पर्याप्त मानव संसाधन, पर्याप्त सामग्री सहित अन्य संसाधन उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टॉफ का व्यवहार मरीजों के साथ होना चाहिए। कलेक्टर ने जिले सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जहां स्टॉफ की कमी है, वहां मेडिकल ऑफिसर एवं अन्य स्टॉफ भर्ती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने की जरूरत है। गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार नियमित तौर पर होना चाहिए। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन के निर्देश दिए तथा उनके लिए विशेष तौर पर उपचार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने की जरूरत है। बच्चों के टीकाकरण को बढ़ावा देते हुए सभी टीका निर्धारित समय पर लगाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड का शत-प्रतिशत उपयोग करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड से मरीजों के उपचार के लिए राशि का क्लेम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे प्राप्त राशि का उपयोग हॉस्पिटल के उन्नयन के लिए करें। जिले के हॉस्पिटल में पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स एवं चिकित्सा से जुड़ी मशीने उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने गैर संचारी रोग मधुमेह एवं अन्य बीमारियों की एन्ट्री एवं स्क्रीनिंग में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी तरह टीबी एवं कुष्ठ रोग की बीमारी के परीक्षण को बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण के प्रति सावधानी रखते हुए सजगता से कार्य करें। इसके लिए जांच का कार्य निरंतर जारी रखें।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोला एवं तिलई को राष्ट्रीय मानक गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने सिकल सेल का परीक्षण बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने हॉस्पिटल में रखरखाव तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे निर्माणाधीन कार्य समय पर पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता देते हुए प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व निःशुल्क जांच निरंतर जारी रहना चाहिए। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, निक्षय निरामय, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, महामारी नियंत्रण, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्य की प्रगति, एनीमिया मुक्त भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पोषण पुर्नवास की प्रगति, प्रधानमंत्री डायलिसिस योजना, ई-संजीवनी, राष्ट्रीय वैक्टर रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया, पीसीपीएनडीटी सहित अन्य कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, संयुक्त संचालक मेडिकल कालेज डॉ. अतुल देशकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, अधीक्षक मेडिकल कालेज डॉ. पवन जेठानी, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. माधुरी खुंटे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा, डीपीएम संदीप ताम्रकार, समस्त बीएमओ, बीपीएम, सलाहकार उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय तीरंदाज़ी प्रति. में गुजराती स्कूल की मिष्टी सिन्हा ने जीता स्वर्ण पदक



### स्कूल प्रबंधन समिति ने दी बधाई

राजनांदगांव (दावा) शहर में 1957 से संचालित अग्रणी संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल की कक्षा छटवीं की छात्रा मिष्टी सिन्हा ने तीरंदाज़ी में स्वर्ण पदक प्राप्त कर शाला परिवार को गौरवान्वित किया।

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव द्वारा जंगलपुर में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का रविवार को एक दिवसीय मैच का समापन जिला पंचायत सदस्य श्रीमति विभा साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जिसमें गुजराती राष्ट्रीय हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मिष्टी सिन्हा ने अंडर-14, 10 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक विजेता रही। छात्रा के प्रशिक्षक भोपेंद्र सिन्हा, स्कूल की योगा एवं स्पोर्ट्स टीचर अनुसुईया साहू एवं सुधा साहू के मार्गदर्शन में छात्रा का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा।

कु. मिष्टी सिन्हा की उक्त उपलब्धि पर अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सेक्रेटरी सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारिणी सदस्यगण-सूरज बुद्धदेव, पीयूष पटेल, अनिल पटेल व अन्य सदस्यगण, प्राचार्य तारिक लालानी, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित शाला पालक समिति के सदस्यो ने बधाई दी। उक्त जानकारी शिक्षिका महेश्वरी सिन्हा ने दी।

## आज मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की 60वीं पुण्य स्मृति दिवस



राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज के अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय माउंट आबू की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती जी की 60 वीं पुण्य स्मृति दिवस ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव के लालबाग स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र वरदान भवन में आज मनाई जाएगी। संध्या 7 बजे से विशेष कार्यक्रम है। ज्ञातव्य है कि ब्रह्माकुमारीज संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा जी का जन्म 1919 में अमृतसर में एक सामान्य परिवार में हुआ था। उनका बचपन का नाम राधे था जब मातेश्वरी जी ओम की ध्वनि का उच्चारण करती थी तो पूरे वातावरण में गहन शांति छा जाती थी इसलिए वह ओम राधे के नाम से लोकप्रिय हुई। हम सब प्रेम से उन्हें मम्मा भी कहते हैं। मातेश्वरी जी ने 24 जून 1965 को अपने नश्वर देह का त्याग करके संपूर्णता को प्राप्त किया था इस दिवस को ब्रह्मा कुमारी संस्थान के देश-विदेश के भाई-बहने ''विश्वआध्यात्मिक ज्ञान दिवस'' के रूप में मना रहे हैं। मातेश्वरी जगदंबा जी का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत है मातेश्वरी जी ने आध्यात्मिक शक्ति के द्वारा मानवता की सेवा के पथ को उस समय चुना जब नारियों को घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं होती थी भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए मातेश्वरी जी का यह त्याग समर्पण और सेवा समस्त भारत तथा विश्व के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। मातेश्वरी जी ने अपने त्याग तपस्या और सेवा से समस्त मानव समुदाय को जीवन मुक्ति की राह दिखाई तथा नारियों को आध्यात्म के पथ पर चलते हुए समाज की सेवा करने के लिए प्रेरणा प्रदान किया। मनमोहिनी दीदी जी, दादी प्रकाशमणि जी, दादी जानकी जी, दादी हृदय मोहिनी जी (गुल?ार दादीजी) इत्यादि बहनों ने मातेश्वरी जगदंबा जी के सानिध्य में ही रहकर मानवता की सेवा का पाठ सीखा। इन महान आत्माओं ने भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं मानवीय मूल्यों के आध्यात्मिक शिक्षा को विश्व के 140 देश में पहुंचाया। मातेश्वरी जगदंबा जी आधुनिक युग की चैतन्य देवी थी। उन्हें ईश्वरीय ज्ञान, गुण और शक्तियों को धारण करके लोगों को अनुभव कराने का दिव्य वरदान प्राप्त था उनके दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व सेवा का जो महान कार्य कर रही है यह मातेश्वरी जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लखोली ग्राम में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

### बच्चों का तिलकभिषेक कर, मुंह मिठाकार गणवेश और किताबों का हुआ वितरण



राजनांदगांव(दावा)। आज शहर के लखोली स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला, बालक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भवन के सभाकक्ष में संजय वार्ड 32 के पार्षद श्रीमती गिरजा संतोष निर्मलकर, वार्ड नं. 35 पार्षद डीलेश्वर साहू,वार्ड नं.33 के पार्षद संतोष साहू, वार्ड नं. 36 के पार्षद श्रीमती चंद्रीका साहू पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरें, छात्रनेता सोरी, समाजसेवी सुरेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि संतोष निर्मलकर, विभिन्न वार्डो के पार्षद प्रतिनिधि रहे व पत्रकार अंकालू साहू सेवानिवृत्त शिक्षक बृजभूषण साहू एसएमसी सदस्य हितलेश साहू, श्रीमती खिलेश्वरी साहू, श्रीमती इंदिरा यादव, शिक्षा विभाग से विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव, डी. आर. देवांगन, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगत सिंह, ठाकुर, शिक्षाविद् एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती उषा वांदले की गरिमामय उपस्थित में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलकभिषेक कर पुष्प माला पहनाकर सम्मान करते हुए गणवेश वितरण कर मिठाई खिलाकर मुंह मीठाकिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के तैलचित्र में माला पहनाकर माता जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ शुरुआत हुई।

इस दौरान शाला परिवार ने क्षेत्रीय पार्षदों सहित आगंतुक अतिथियों का चंदन तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। शिक्षा में गुणोत्तर विकास के लिए जनप्रतिनिधियों ने संकल्प कि शाला के मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगें। पत्रकार अंकालू साहू ने कहा कि अमूर्त रुप ईश्वर की रचना में शिक्षा एवं ज्ञान के माध्यम से छात्र मूर्त रूप को सुसज्जित करेंगें।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी.आर देवांगन ने कहा कि प्रतिदिन स्कूल में उपस्थिति देने वाले छात्र आदर्श रुप होतें हैं।पूर्व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने कहा छात्र व शिक्षकों को वचन दिया कि शालेय आवश्यकता पूर्ति के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। चंद्रकोल प्रजापति व्याख्याता ने कहा नौनिहाल छात्र शिक्षा प्राप्त कर राष्ट्र निर्माण करेंगे। प्रदान पाठक लुमने साहू ने बच्चों एवं पालकों से अनुरोध किया है कि छात्र शत् प्रतिशत् दिन शाला में देंवे।कार्यक्रम का लयबद्ध विषयानुरूप संचालन शिक्षक विजय साहू ने किया। इस आयोजन में लूकेश साहू समन्वयक एवं वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार सोनी का सहयोग विशेष सरहानीय रहा। कार्यक्रम आभार व्यक्त प्रधान पाठक श्रीमती लुमने साहू ने किया।

## आज रानी वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस







राजनांदगांव (दावा)। जिला आदिवासी गोंड महासभा राजनांदगांव के तत्वावधान में 'विशाल सम्मेलन' रानी वीरांगना दुर्गावती बलिदान दिवस गोड़वाना भवन रामकृष्ण नगर में मनाया जावेगा।

यह कार्यक्रम वीर रानी दुर्गावती की है, वे महोबा के प्रसिद्ध चंदेल वंश की वंशज और गढ़ा कटंगा के गोंड सम्राज्य की रानी थी। उन्होने बड़े साहस और कुशल नेतृत्व से मुगल सम्राज्य की ताकत का सामना किया। उन्होने अपने समय की गई अन्य महिलाओं की तरह दुश्मन के हाथो में पड़ने के बजाय मौत को गाले लगाना स्वीकार किया। ऐसी रानी के कार्यक्रम के आयोजन पर बैठक के अध्यक्षता जिले के अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े (मंडावी) जिला आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगांव ने किया। इस बैठक में उक्त कार्यक्रम हेतु प्रस्ताव पारित हुआ महिला प्रभाग, युवा प्रभागों को इस कार्यक्रम विशेष रूप से भागीदारी होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं समाज के प्रमखों का सम्मान किया जावेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने सभी गोंड समाज के लोग तन, मन, धन से लगे है। तहसील का चुनाव के संबंध में चर्चा हुई प्रवेक्षक घुमका क्षेत्र रामानंद उइके को डोंगरगांव क्षेत्र में श्याम साय जी को बनाया गया है।

बैठक में सभी मुड़ादार, तहसील अध्यक्ष, जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहे प्रमुख रूप से सर्व रामानंद उइके, पंचूराम ठाकुर, संतोष ठाकुर, लीलाराम मंडावी, कन्हैया टेकाम, कृपाल उइके, बिसौवा ठाकुर, सुरेन्द्र मंडावी, बसंत मरकाम, जितेन्द्र पडौटी,प्रमिला मंडावी, नील कुमार, पूरन कोर्राम, रामचंद, जगदीश, सुमन, करण नेताम, नीलकमल, युवराज, संतप्रसाद, कंगलू, बुधेलाल, तिलोचन, सुरेन्द्र मंडावी आदि संचालन रमेश मंडावी ने किया।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-6-8
159-5 247-3
राजधानी
3-5-7
400-4 579-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

SILVER SCREEN MULTIPLEX
23rd June to 26th June 2025



Sitaare Zameen Par - 12:30, 03:15, 03:30, 06:15, 06:30, 09:00 and 09:30 pm
HOUSEFULL 5 A - 12:15, 03:00 and 06:00 pm
Kuberaa - 09:15 pm
Mor Chhaiya Bhuiya 3 (C.G) - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार पांचवा सप्ताह रोजाना 4 खेल
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
छत्तीसगढ़ी
मोर छईयां भुईयां - 3
मन कुरैशी, दीपक साहू, एल्सा घोस, दिक्षा जयसवाल



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

### Name Change

I, Manish Kumar Parmar, Son Of Keshavji Parmar, Residence At House No. 543 Ward No.27 Near Gayatri School Keshar Nagar, Rajnandgaon, 491441 Hereby Declare That I Have Changed My Name From Manish Kumar Parmar to Manish Parmar With Effect From 23th June 2025. Henceforth, I Shall Be Known And Referred to as for All Purposes Manish Parmar.

**Manish Parmar**
23/06/2025

### न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं.........अ-6 (अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा समस्त मोहल्ले/ग्राम खपरीकला प.ह.नं. 26 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक डिगेश रजक पिता प्रेमू लाल रजक निवासी ग्राम पुराना ढाबा तहसील व जिला राजनांदगांव छ.ग. द्वारा आवेदनमय तलवाना, बी-1/ खसरा नक्शा/ ऋण पुस्तिका/ बयनामा एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति प्रस्तुत कर ग्राम खपरीकला प.ह.नं.26 तहसील व जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं. 498/1 का टु. रकबा 0.0404 हे. भूमि आवेदक के पिता प्रेमू लाल रजक द्वारा क्रय किया गया हैं। किन्तु वर्तमान बी-1 में बयनामा अनुसार अभिलेख दुरूस्ती किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 24/06/2025 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक:-10/06/2025
सुनवाई दिनांक:-24/06/2025

**नायब तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)**

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल- ठाकुरटोला तहसील- राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**// सूचना पत्र//**

क्रमांक/ / रा.नि./2025
राजनांदगांव दिनांक 23/06/2025

प्रति
1. शैलेन्द्र श्रीवास
2. ईश्वरी लाल पिता गोपाल

विषय:- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत्।

विषयान्तर्गत लेख है कि तहसीलदार/नायब तहसीलदार महोदय के आदेश क्र. 06 दिनांक 04.01.2024 के परिपालन में ग्राम रवेली प.ह.नं. 55 रा.नि.मं. ठाकुरटोला में स्थित खसरा नंबर 141 रकबा 0.214 आवेदक ईश्वरी लाल पिता गोपाल का दिनांक 26/06/2025 को समय सुबह 11.00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

अतः आवेदक/अनावेदक (समीपस्थ कृषक),ग्रामवासी एवं ग्राम का सरपंच, पटेल, कोटवार आदि के साथ अपने स्वत्व संबंधी कागजात तथा चिन्हांकित करने हेतु खूंटी व दो मजदूर सहित मौके पर उपस्थित होवे। सूचना तामिल पश्चात अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय सीमांकन की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व निरीक्षक ठाकुरटोला**

### कार्यालय कलेक्टर जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

E-mail-collector-kcg@cg.gov.in phone-No. 0782029950

**-:: सार्वजनिक सूचना सूचना ::-**

क्रमांक/3906/ भू-अर्जन/भूकनी/2025 खैरागढ़, दिनांक 19/06/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति,2016 के तहत चारभाठा जलाशय के डुबान कार्य के अंतर्गत ग्राम तेन्दूभाठा, प.ह.नं.-19 रा.नि.मं.-पेण्डवानी, तहसील-गण्डई, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.) में स्थित निम्नालिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन, बेमेतरा जिला-बेमेतरा (छ.ग.) के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| क्र. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.में.) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में.) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | ईतवारी पिता नकुल | 329/1 | 0.081 | 0.081 | असिंचित |
| | | 330/1 | 0.312 | 0.312 | असिंचित |
| | **योग** | **2** | **0.393** | **0.393** | |
| 02 | मनोहर, मनोज, लक्ष्मी पिता पितम्बर, बिंदाबाई बे. पितम्बर | 329/2 | 0.081 | 0.081 | असिंचित |
| | | 330/2 | 0.311 | 0.311 | असिंचित |
| | **योग** | **2** | **0.392** | **0.392** | |
| 03 | हीरालाल पिता नैनू | 473 | 0.332 | 0.332 | असिंचित |
| 04 | दशोदा बाई बेवा पति माखन, इंदल पिता मानसिंग नीलकंठ, ईश्वर, मीना पिता माखन | 472 | 0.089 | 0.089 | असिंचित |
| | **कुल योग** | **06** | **1.206** | **1.206** | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो,तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशित तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**
**जी- 252601719/1**

**अपर कलेक्टर**
**जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**खैरागढ़, दिनांक 19/06/2025**

# बाजार से दस, बीस व पांच के नोट तथा सिक्के गायब, लोगों को हो रही परेशानी

राजनांदगांव (दावा)। बाजार में इन दिनों दस बीस व पांच के नोट तथा सिक्के नजर नहीं आ रहे। बताया जा रहा है कि उक्त नोट व सिक्के पूरी तरह गायब है। इससे दुकानदारों से लेकर ग्राहकों की परेशानी बढ़ी हुई है। लोग अपने पास सौ , दो सौ व पांच सौ के नोट रखकर भी सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। ग्राहकों को उनके पास दस बीस या पांच रूपए के नोट अथवा सिक्के नहीं होने पर बिना खरीदी किए उन्हें वापस जाना पड़ रहा है या फिर दुकानदार पहचान वाला है तो उधारी कर के जानी पड़ रही है।

लोगों का कहना है कि सप्ताह पंद्रह दिन पहले दस बीस पांच के नोटों व सिक्के की कोई कमी नहीं थी लेकिन अचानक बाजार से ये नोट और सिक्के कहा गायब हो गए, पता नहीं चल रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि अभी देश में कही दस, बीस व पांच के सिक्के को गलाने के समाचार भी नहीं मिल रहे तब बाजार से इन नोटों व सिक्को का अचानक गायब हो जाना कई रहस्यों को जन्म दे रहा है।



**डिजीटल लेन-देन होने के बाद भी बाजार में छुट्टे नोट व सिक्के गायब होना संदेहास्पद**

### मंदिरों में चिल्हरों की मांग बढ़ी

बाजार में दस बीस व पांच के नोट व इसके सिक्कों के अचानक गायब हो जाने से परेशान दुकानदार मंदिरों की ओर रुख कर रहे हैं। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ व अन्य मंदिरों से चिल्हरो की मांग की जा रही है। एवज में भले ही थोड़े बहुत अतिरिक्त पैसे उन्हें दे दिए जा रहे हो। लेकिन इन चिल्हर पैसों की मांग में कमी नहीं आई है। गायत्री शक्तिपीठ हो या अन्य मंदिर, इसके नजदीकी के लोग मंदिरों में चढ़ने वाले छोटे नोटों व चिल्हर पैसों के लिए मंदिर वालों को परेशान करना नहीं छोड़ रहे हैं। इधर मंदिर वाले भी इन छुट्टे नोट व सिक्के के रूप में चिल्हर मांगने वालों से खासे परेशान हैं।

चेंबर आफ कामर्स से जुड़े फल व्यवसायी संजय तेजवानी ने बताया कि बाजार में छुट्टे नोट व सिक्के नहीं होने से दिक्कते बढ़ गई है। गुपचुप वाले के पास बीस रुपए के गुपचुप खाने के बाद पचास रुपए टिकाने पर वह तीस रुपए के दस बीस के नोट या सिक्के वापिस नहीं कर सका। बाद में दे देना भैया जी कहकर अपने अन्य ग्राहकी में लग गया।

### छुट्टे नोटों व सिक्कों का गायब होना रहस्यमय

बताया जाता है कि पखवाड़े भर पहले चेंबर ऑफ कॉमर्स के लोगों द्वारा बैंक से खूब छुट्टे नोट सिक्के उठाए थे। इससे बाजार में चिल्हर ही चिल्हर नजर आ रहा था। लेकिन दस-पंद्रह दिन बाद अचानक छुट्टे नोटों के साथ-साथ चिल्हर सिक्कों का गायब हो जाना कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

शहर स्टेट बैंक के पूर्व अधिकारी ने बताया कि छुट्टे नोट व सिक्के रिजर्व बैंक आफ इंडिया द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। हो सकता है कि रिजर्व बैंक में इसके टोटे पड़ गए हो या टकसाल में नए सिक्के नही ढलाए जा रहे हो। यही वजह हो सकता है, बाजार से दस बीस व पांच के नोट सहित इसके सिक्के गायब होने के।

लोगों का यह भी कहना है कि आज कल नगद लेंन- देन काफी कम हो गया है। ज्यादातर नौकरी पेशा व पढ़े- लिखे लोग मोबाइल -पे से भुगतान कर रहे हैं। एक रुपए से लेकर सौ रुपए हजार दस हजार रुपए इसी माध्यम से भुगतान हो रहा है, तब बाजार में इन छुट्टे नोटों या सिक्को को रहना चाहिए लेकिन यह सब गायब नजर आ रहा है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। लोग कम कीमत वाले सामानों को भी छुट्टे नोट व सिक्को के अभाव में खरीद नहीं पा रहे हैं। दुकानदार को सौ-दो सौ, पांच सौ का नोट टिकाने पर उसे छुट्टे नोट दो या सिक्के दो कहकर वापिस कर दिया जा रहा है। इसके अभाव में लोगों के बगैर सामान खरीदे वापस आना पड़ रहा है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को सदियों तक याद रखा जायेगा - पारस वर्मा



**निगम अध्यक्ष पारस वर्मा के वार्ड में याद किये गये डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी**

राजनांदगांव (दावा)। तुलसीपुर सिविल लाईन में वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने शाम को एकत्रित होकर जनसंघ के आदिपुरूष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्य स्मरण किया। एक सादे समारोह में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के फोटो पर दीप जलाकर एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया गया। इस आयोजन में निगम अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद टोपेश्वर पारस वर्मा, भाजपा नेतागण एवं वार्डवासी राजेन्द्र जैन बन्टू, हैरी जोसेफ, संतोष कुमार वर्मा, हर्ष रामटेके (गुड्डा), पंकज कुरंजेकर, समीर श्रीवास्तव, नरेन्द्र यादव (मुन्ना), संतोष सिंह, सतीश रेवतकर, प्रकाश हरिहारनो, सलीम कुरैशी, मनीष मानिकपुरी, प्रभात टेम्भेकर, यश गढ़पायले, कलश डोंगरे, ठाकुर रमन सिंह, किसुन यदु, मुकेश शर्मा मनीष जैन, सुधा पवार, दुर्गा भुनेश्वर आदि एंव वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित सभासदों ने मिलजुलकर देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीद जनसंघ के डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून को आज उनकी शहादत को नमन किया। निगम अध्यक्ष पारस वर्मा से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र, एक निशान, एक विधान के प्रणेता भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी जी के बलिदान को भारत देश कभी भुला नहीं सकता, इसे सदियों तक याद रखा जायेगा।

# मोतीपुर में मनाया गया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस



राजनंदगांव (दावा)। स्थानीय मोतीपुर शीतलापारा मे मंदिर के सम्मुख वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रात: काल एकत्रित होकर जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मरण किया। इस आयोजन में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण एवं पुष्पांजली दी गई और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र, आदर्शो एवं बलिदान को याद किया गया।

इस आयोजन में वार्ड पार्षद मनोहर यादव, पार्षद कमलेश बंधे, भाजपा नेतागण मदन यादव (मन्टू), अमर लाल सेन, रिभय यादव, अंकित गढेवाल, अनिकेत यादव, अंकित बंधे, प्रियांशु यदु, चंदन राजपुत, विजय देवांगन, गणेश देवांगन, रामजी सिन्हा, जय जंघेल, प्रदीप यादव(गोलू) पूर्व पार्षद भावना यादव, विशाखा यादव, मीना यादव, संतोषी यादव, दीपिका यादव, एंव वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद मनोहर यादव ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पण करने वाले एवं देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जनसंघ के पितृ पूरूष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस 23 जून को है और हम सब वार्डवासी मिलजुलकर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को स्मृति दिवस के रूप मे आज नमन कर रहे है।

# रेवाडीह वार्ड नं.22 में मनाया गया डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम क्षेत्र के रेवाडीह वार्ड. 22 में बूढ़ादेव मंदिर परिसर में वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एकत्रित होकर जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि में स्मरण किया गया। इस आयोजन में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन माल्यार्पण एवं पुष्पांजली अर्पित की गई और डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र, आदर्शो एवं बलिदान को याद किया गया।

इस आयोजन में बतौर अतिथि जिला भाजपा कोषाध्यक्ष आलोक बिंदल, पार्षद रवि सिन्हा, अरुण शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूर्णिमा साहू, तेजमाला देशमुख, सूर्यकांत श्रीवास, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा मुकेश ध्रुव, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री उज्जवल कसेर, सुरेंद्र मांडवी, गिरधारी नेताम, अनिल कौशिक, हेमचंद साहू ,डिलेश साहू, मुकेश साहू, सोनू श्रीवास, मोनू राजपूत, हेमलाल साहू, कुंजय साहू एंव वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर आलोक बिंदल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि हमारे देश की एकता एवं अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पण करने वाले एवं देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जनसंघ के पितृ पूरूष डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस 23 जून को है और हम सब वार्डवासी मिलजुलकर डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को स्मृति दिवस के रूप मे आज नमन कर रहे है।

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति 27 जून को

राजनांदगांव (दावा)। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में 27 जून 2025 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिशेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

# युगांतर में ग्यारहवी वाणिज्य के विद्यार्थियों के कॅरियर निर्माण के लिए प्रेरक इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य के नव प्रवेशी विद्यार्थियों के जागरूकता और वाक कौशल पर विशेष जोर देते एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मौलिक वाक कौशल से सुसज्जित करना और उन्हें अर्थशास्त्र, प्रबंधन, विधि, तथा व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे IPMAT, CA, ACCA, CS, CMA, CFA आदि में उपलब्ध कॅरियर विकल्पों से अवगत कराना था। इस संदर्भ में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक वाणिज्य के विभागाध्यक्ष तरूण कुमार महापात्र , अंग्रेजी की विभागाध्यक्ष कंचन सोहल, पीजीटी कॉमर्स दीप्ति बिंदल, रिंकी भारद्वाज ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने प्रारंभिक कॅरियर योजना, आत्मविश्वास और स्पष्ट शैक्षणिक लक्ष्य निर्धारण करने की आवश्यकता पर बल दिया।विद्यार्थियों को किताबों से परे जाकर सॉफ्ट स्किल्स और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष रूप से अर्थशास्त्र को एक उभरते भविष्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसमें नीति-निर्माण, वित्त डाटा विश्लेषण और वैश्विक विकास जैसे क्षेत्रों में उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएँ बताई गई। यह सत्र प्रभावी संवादों से परिपूर्ण रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अनेक जिज्ञासाओं से परिपूर्ण प्रश्नों को पूछा। विशेषज्ञों ने उन्हें कॅरियर परीक्षण उपकरण, ऑनलाइन पोर्टल और अनुशंसित अध्ययन सामग्री की जानकारी भी दी। प्राचार्य मधुसूदन नायर ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा आज के विद्यार्थियों को सशक्त करना, कल के नेतृत्व और भविष्य को सुन्दर आकार देना है। युगांतर ने इस कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों को सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। यह इंडक्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों की अकेडमिक और सुनहरे कॅरियर निर्माण की यात्रा में एक सशक्त शुरुआत सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

# सुरगी एवं सोमनी प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस सेवा की मांग



**जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू की मांग पर डॉ. रमन सिंह ने दिया ध्यान**

राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के पूर्व मुख्यमंत्री कार्यकाल में उनके गोद ग्राम रहे सुरगी प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र व सोमनी स्वास्थ्य केंद्र के लिए एंबुलेंस सुविधा की मांग की गई है। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू की इस मांग पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तत्काल ध्यान देते हुए जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरतन को पत्र लिखकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरगी और सोमनी में एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देशित किया हैं। बता दें कि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह को पत्र लिखकर सुरगी व सोमनी प्राथ. स्वास्थ्य केंद्र के लिए एंबुलेंस वाहन सुविधा की मांग की थी कि इन दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष कर आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना अत्यंत कठिन होता है। श्रीमती देवकुमारी ने कहा था कि इस क्षेत्र के ग्राम वासियों को इन दोनों नजदीकी अस्पताल में पहुंचने के लिए कोई स्थाई और त्वरित व्यवस्था नहीं है। वहीं कई बार निजी साधनों की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता जिससे गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में लोगों के समक्ष बड़ी मुश्किल स्थिति आन पड़ती है। अत: उन्होंने उक्त दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंबुलेंस व्यवस्था मुहैया कराई जाने का निवेदन किया था। इस पर डॉ. सिंह द्वारा त्वरित ध्यान देते हुए सीएम एचओ को उक्त व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

# कांग्रेस के 50 साल पर भारी पड़ा मोदी का 11 साल - योगेश खत्री



**कहा - कांग्रेस शासक के रूप में देश को लूटने का ही काम किया**

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य योगेश खत्री प्रेस को जारी बयान में कहा है कि देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने 50 साल तक देश में राज किया और इस दौरान उन्होंने शासक का नकाब लगाकर देश को लूटने का ही काम किया एक समय ऐसा आया कि देश की जनता पढ़ लिखकर समझदार हो गई और देर सवेर सहित संघ और भाजपा के महत्व को समझा भाजपा को देश की सत्ता पर बैठाया। वर्ष 2014 से केंद्र में भाजपा और भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार शासक के रूप में सेवक बनकर राज कर रही है। भाजपा और राजक की यह अदा देशवासियों को भाग गई है। कांग्रेस के 50 साल के विकास पर भाजपा व भाजपा नित राजग का 11 साल का कार्यकाल भारी पड़ा। देश ने विकास की नई ऊंचाईयों को छुआ है, विश्व में भारत की धाक जमी है तो यह सब मुख्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के चलते संभव हो सका है। अब देश की जनता चाहती है। केंद्र सहित राज्यों में भाजपा की सरकार बने भाजपा और भाजपा नीत राजक के या सहयोगी दलों की सरकार बार-बार बने। ताकि विकसित भारत का सपना जल्द सरकार हो सके। श्री खत्री ने आगे कहा कि देश में करोड़ों गरीब रियायती और निःशुल्क राशन सामग्रियां लेकर बहुत खुश है। वही लाखों गरीब जो झुग्गी झोपड़ी में रहा करते थे। उन्हें पक्का घर नसीब हो गया है। परिवहन सेवाएं आज इतनी विकसित हो गई है कि बरसात में एक गांव से दूसरे गांव और शहर का संपर्क बहुत कम टूटता है। जम्मू कश्मीर में धारा 370 खत्म करना पाकिस्तान को उसके आतंकवाद का करारा जवाब देना नक्सलवाद को खात्मे के करीब पहुंचा देना। जम्मू कश्मीर में पहाड़ पर ट्रेन चला देना यह सब मोदी राज में ही संभव हो सका है। सोंचो जरा कि कांग्रेस का शासन काल चलते रहता तो देश जितनी तेजी से विकास कर रहा है उतनी तेजी से पतन में जाते रहता। छत्तीसगढ़ राज्य में ही देख ले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में राजनांदगांव की सड़कों का खस्ताहाल होकर धूल उड़ रही थी। इससे पहले डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब राजनांदगांव चमन हो सकता था अब विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री रहते राजनांदगांव की विकास गति वंदे भारत एक्सप्रेस की तरह रफ्तार पकड़ ली है। साथ में लोकसभा के सांसद संतोष पांडे के अथक प्रयास से विकास गति में लगातार तेजी आई है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के जननायक के रूप में महापौर मधुसूदन यादव ने राजनांदगांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल की बालिका बास्केटबॉल टीम सिंगापुर में आयोजित एनबीए राइजिंग स्टार टूर्नामेंट में लेगी भाग




राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिकाओं की बास्केटबॉल को 24 से 29 जून 2025 तक सिंगापुर में आयोजित होने जा रहे एनबीए राइजिंग स्टार आमंत्रण बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए जायेगी। यह टूर्नामेंट एनबीए सिंगापुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एशिया प्रशांत देशों से 12 लड़कों और 12 लड़कियों की हाई स्कूल टीम को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, मंगोलिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, सिंगापुर और राष्ट्रीय ए डिवीजन विजेता टीम की सर्वश्रेष्ठ हाई स्कूल टीम को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की 12-12 देशों की सर्वश्रेष्ठ हाईस्कूल की बालक बालिका टीम भाग ले रही है। यह राजनांदगांव और छतीसगढ प्रदेश के लिए गर्व का पल है कि राजनांदगांव दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की टीम जूनियर आयु वर्ग की विजेता टीम है।

इसके अतिरिक्त डी पी एस की टीम 2024-25 में दिल्ली में एन बी ए द्वारा आयोजित 3×3 इंटर स्कूल टूर्नामेंट की उपविजेता एवं भुनेश्वर में आयोजित 3×3 टूर्नामेंट विजेता भी रही है। इसके अतिरिक्त डीपीएस राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम 2024-25 में इंदौर में आयोजित सी बी एस ई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता एवं कटक में आयोजित सी.बी.एस.ई. क्लस्टर की स्वर्ण पदक विजेता है। डीपीएस की टीम एकमात्र टीम है जिसने विगत वर्ष चैन्नई में आयोजित स्कूल नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीमों को परास्त कर कांस्य पदक भी जीता था। श्रीमती सिंह ने बताया कि डीपीएस की बालिका टीम विगत कई वर्षो से लगातार राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता टीम है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने का व्यय एन.बी.ए द्वारा किया जा रहा है। जबकि स्कूल द्वारा प्लेइंग किट, ट्रेक सूट, शु, सूटकेस, किटबैग साक्स प्रदान किये गये हैं। डीपीएस की टीम डीपीएस खेलो इंडिया बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव और सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव के खिलाड़ीयों से सज्जीत है। सिंगापुर में भाग लेने जा रही टीम के मुख्य कोच कालवा राजेशवर राव जबकि कालवा राधा राव (कोच) हैं जबकि मेनेजर मुन्ना लाल जायसवाल है।

टीम इस प्रकार है:- अंजली कोडापे (कप्तान), अदिति कोडापे, काम्या झा, रूमी कोनवर, श्वेता सिंह, अंजनी, सोफी सिका, अनुष्का बेनर्जी, केथरिना नाजारथ, एवं आर्या विजय अवारे है।

# छत्तीसगढ़ हॉकी द्वारा ओलंपिक दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। हॉकी इंडिया नई दिल्ली के मार्गदर्शन में 'छत्तीसगढ हॉकी' द्वारा ओलांपिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया इस अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 22 जून को ओलंपिक व भारतीय हॉकी के इतिहास के बारे में निबंध व चित्रकला का आयोजन तथा 23 जून को सद्भावना मैच छत्तीसगढ़ सब-जूनियर बालिका टीम विरूद्ध खेलो इंडिया सेंटर के मध्य खेला गया। इस रोमांचक प्रदर्शन मैच में खेलो इंडिया सेंटर की बालक टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच को 2-1 जीता।

उक्त आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक ए. एक्का के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी की अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे फिरोज़ अंसारी ने हॉकी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ओलम्पिक से राजनांदगांव की हॉकी नर्सरी का गहरा नाता है, सन् 1960 में स्व. एरमान वेस्टियन तथा छत्तीसगढ़ की पहली महिला ओलंपियन के रूप में 2016 में रेणुका यादव ने रियो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और भविष्य में भी हमारे होनहार खिलाड़ी इस परंपरा को कायम रखेंगे।

**ओलम्पिक से राजनांदगांव का ऐतिहासिक जुड़ाव - फिरोज़ अंसारी**

श्री अंसारी ने बताया की यह दिन हर साल 23 जून को मनाया जाता है, और इसका उद्देश्य खेलों के प्रति जागरूकता फैलाना, फिटनेस को बढ़ावा देना और ओलंपिक मूल्यों को हमारे जीवन में उतारना है।ओलंपिक दिवस केवल एक खेल दिवस नहीं है, बल्कि यह हमें यह सिखाता है कि जीवन में मेहनत, अनुशासन, और खेल भावना से कैसे सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस दिन की शुरुआत 1894 में उस समय हुई, जब पियरे डी कूबर्टिन ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना की थी।

ओलंपिक केवल एथलीटों के लिए नहीं, बल्कि हम सभी के लिए एक प्रेरणा है कि हम अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहें। इन आयोजनों का उद्देश्य सिर्फ जीतना नहीं, बल्कि भाग लेना और एक स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ना होता है। आज के दिन हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम रोजाना कुछ समय खेल या व्यायाम को देंगे, और अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखेंगे। साथ ही, हम आपसी भाईचारे, सहयोग और ईमानदारी जैसे ओलंपिक मूल्यों को अपने जीवन में अपनाएँगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ऐ एक्का ने कहा कि हम सभी ओलंपिक भावना को अपनाएँ और एक बेहतर, स्वस्थ और सफल जीवन की ओर कदम बढ़ाए। साथ ही उन्होंने ओलंपिक के महत्व को समझाते हुए बताया कि राष्ट्रीय खेल हॉकी ने हमे कई बार ओलंपिक में पदक दिलाया है ये हम सब के लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से छोटेलाल रामटेके (पार्षद), महेंद्र सिंह ठाकुर, नीलमचंद जैन, प्रिंस भाटिया, किशोर धीवर, शब्बीर हैदरी, चन्दन भारतद्वज, कोच शकिल अहमद,दीपेश चौबे,(कस्टम पुणे) आशीष सिन्हा, अनीश रज़ा, दुर्गेश साहू, टोहर यादव, निलेश राजपुत, मनीष सोनी, लव यादव, आदित्य मेश्राम, संदीप यादव,आदित्य कुमार, पूर्णाचंद,यादव, दुर्गेश नगपुरे, नवीन यादव, अंशुल वर्मा, मोनू साहू, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

> संगत का विशेष ध्यान रखे, क्योंकि सफलता हमेशा अच्छे विचारों से आती है और अच्छे विचार अच्छे लोगों के संपर्क से आते है।

## रैंकिंग में पश्चिम बंगाल पिछड़ा

भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की नई रैंकिंग में महाराष्ट्र का पहले स्थान और पश्चिम बंगाल का 13वें स्थान पर रहना बहुत अखरने वाली बात नहीं है। चिंता की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव हैं। रैंकिंग में पिछड़ना राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी की छवि खराब कर सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज के अनुसार बड़े राज्यों में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला।

एजेंसी रैंकिंग का निर्धारण सात प्रमुखबिंदुओं के आधार पर करती है। इनमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलुओं पर राज्यों के कामकाज को परखा जाता है। केअरएज के अनुसार राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र 56.5 अंकों के समग्र सूचकांक के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल कुल 17 बड़े राज्यों में 38.9 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार 34.8 के समग्र सूचकांक के साथ 17वें स्थान पर रहा जो झारखंड और मध्य प्रदेश से थोड़ा पीछे है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु ने आर्थिक, वित्तीय विकास, पर्यावरण और शासन मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं छोटे, पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों से गोवा वित्तीय विकास, बुनियादी ढांचे, सामाजिक, आर्थिक एवं राजकोषीय मापदंडों में अच्छे अंक के साथ सबसे आगे रहा। बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पश्चिम बंगाल बड़े राज्यों की श्रेणी में आठवें स्थान पर रहा जबकि पंजाब शीर्ष पर और उसके बाद हरियाणा और तेलंगाना रहे।

यह रैंकिंग राज्यों के स्तर पर कुछ राज्यों को आगे दिखाती है तो कई सवाल खड़े भी करती है। इसमें गोवा जैसे छोटे, पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों तक का जिक्र है लेकिन बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और दिल्ली, उड़ीसा, छत्तीसगढ़,और आंध्र प्रदेश व केरल का कोई खास जिक्र नहीं है। क्या इन राज्यों में महत्त्व के काम नहीं हो रहे। क्या कारण है कि इन सभी राज्यों के काम रेटिंग एजेंसियों की नजर में नहीं आ पा रहे। हाल के वर्षो में रेटिंग एजेंसियों और सव्रे एजेंसियों की बाढ़ सी आ गई है। पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों को जबरदस्त कार्य करके दिखाने की जरूरत है।

## सामयिक चर्चा

### नयी कहावत

बानी बोले - सुनिए गजाधर!
आज बेईमानी-धोखाधड़ी की खबर -
पूर्व सीएम भूपेश बघेल के
चन्द्रास्वामी के.के. श्रीवास्तव
भोपाल में गिरफ्तार।
पॉच सौ करोड़ की
ठगी मामले में थे फरार।
के.के. श्रीवास्तव पर आरोप है कि
उसने कांग्रेस सरकार में स्मार्ट सिटी सहित
अन्य काम दिलाने के नाम पर
दिल्ली के कारोबारी रावत एसोसियेट के
मालिक अशोक रावत को ठेका दिलाने के
नाम पर करीब पंद्रह करोड़ रूपए लिए
और ठेका नहीं मिलने पर
मालूम गजाधर।
पैसा लौटा देने का वादा किया।
तीन करोड़ चालीस लाख रूपए वापस दिया।
बाकी के लिए जो चेक दिया
वो बाऊन्स हो गया तो फरार हो गया।
आखिर बिलासपुरी के के श्रीवास्तव
भोपाल के एक होटल में पकड़ा गया
जो 500 करोड़ घोटाले में आरोपी है।
इसे लेकर जाँच एजेंसी
जल्द ही खुलासा कर सकती है। गजाधर!
इस पर आपकी बुद्धि क्या कहती है?
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी !
बड़ी पुरानी कहावत है -
एक तो करेला और नीम चढ़ा।
यानी और कड़वा हो गया।
तो आज की नयी कहावत है-
'एक तो लाला और सत्ता के सर चढ़ा,
फिर तो वह कमाई में खो गया।'



गिरीश बख्शी

# ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य अवतार 'मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती'

*(ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी)*

ज्ञान का प्रकाश जीवन को आलोकित करता है। परन्तु मानवता के इतिहास में ऐसे भी महान विभूति हुए हैं, जो स्वयं ज्ञान का प्रकाश बनकर इस संसार को इतना आलोकित कर देते हैं कि ज्ञान प्रतिमूर्ति के रूप में उनकी स्मृतियां युगों-युगों तक अज्ञानता के तिमिर का शमन करके ज्ञान के प्रकाश से मानव हृदय को आलोकित करती रहती हैं। उनकी उपमा के लिए उपयुक्त शब्द की सामर्थ्य सीमायें समाप्त हो जाती हैं। ऐसी ही भारतीय मनीषा की शिरोमणि प्रतिनिधि, ईश्वरीय ज्ञान की कालजयी अवतार, रूद्र-यज्ञ-रक्षक मातेश्वरी श्री जगदम्बा ने इस धरा पर युगान्तकारी परिवर्तन का संवाहक बनकर हज़ारों ब्रह्मावत्सों के मानस-पटल पर परमात्मा शिव के ईश्वरीय ज्ञान की जो अमिट छाप लगाई है, वह वर्तमान समय में भी लाखों मनुष्यात्माओं के जीवन को आलोकित कर रहा है। ज्योतिर्बिन्दु स्वरूप परमात्मा शिव स्वयं शरीर धारण नहीं कर सकते हैं परन्तु मातेश्वरी जगदम्बा के द्वारा परमात्मा ने इस संसार में ब्रह्मावत्सों तथा लाखों मनुष्यात्माओं को मातृत्व की सुखद आंचल की छत्रछाया की पालना देकर अपने ममतामयी स्वरूप को प्रकट किया।

### धर्म का सत्य मर्म

आध्यात्मिक ज्ञान और शक्तियों की चैतन्य दिव्य मूर्ति मातेश्वरी श्री जगदम्बा, कर्मयोग की ज्ञान-गंगा बहाकर आध्यात्मिक क्षेत्र में पुरूष प्रधान वर्चस्व के मिथक को तोड़कर सारे संसार को यह संदेश देने में सफल रही, कि आध्यात्मिक पुरूषार्थ और साधना के लिए त्याग, तपस्या और आत्म-अनुभूति ही यथार्थ सत्य है। लिंग-भेद और बाह्य पहचान का कोई महत्व नहीं है। मम्मा ने जिस समय आध्यात्मिक साधना द्वारा अज्ञानता में भटकते समस्त मानव के हृदय को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने के पथ को चुना था, सन् 1936 का वह कालखण्ड एक नारी के लिए महान साहस भरा फैसला था, क्योंकि उस समय का पुरूष प्रधान समाज धर्म की सुरक्षा के नाम पर नारियों को घर के पर्दे के अंदर कैद करना ही अपना छद्म धर्म समझता था। श्री मातेश्वरी जी ने राजयोग की साधना और सहनशीलता से सारे संसार के सामने धर्म के सत्य मर्म को स्पष्ट किया कि आत्म-अनुभूति और परमात्म-अनुभूति से ही सत्य धर्म की स्थापना होती है, नारियों को पर्दे से ढककर नहीं।

आध्यात्मिक साधना और ईश्वरीय ज्ञान द्वारा अज्ञानता में भटकती दु:खी और पीड़ित समस्त मानव जाति को जीवनमुक्ति प्रदान करने का मम्मा का क्रान्तिकारी फैसला मानवता के इतिहास को बदलने वाली एक महान घटना थी, क्योंकि इसने नारियों के लिए पूर्णतः निषेध कर दिए गए धर्म के प्रवेश-द्वार को नारियों के लिए खोल दिया। उन्होंने अपने दिव्य व्यक्तित्व के चुम्बकीय आकर्षण से हज़ारों नारियों को स्वयं परमपिता परमात्मा द्वारा इस सृष्टि के परिवर्तन के महान कार्य में निमित्त बनाकर जो नव-सृजन की राह दिखाई, वह वर्तमान में भी नारी-सत्ता द्वारा संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के रूप में समस्त संसार को आलोकित कर रहा है।

### वीणावादिनी सरस्वती की चैतन्य अवतार



मातेश्वरी जगदम्बा

अविभाजित भारत में सन् 1919 में अमृतसर के एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर पितृ-स्नेह से वंचित परन्तु आध्यात्म के शिखर को स्पर्श करने की मातेश्वरी श्री जगदम्बा की जीवन-यात्रा बहुत ही प्रेरक है। मातेश्वरी जी के समाधिस्थ होकर उच्चारित ''ओम् ध्वनि'' में आध्यात्मिक तरंगों का इतना शक्तिशाली प्रवाह होता था कि ''ओम् की धुनी लगाते ही पूरे वातावरण में गहन शान्ति छा जाती थी। इसके सम्पर्क में आने वाले लोग ध्यान की अवस्था में चले जाते थे। इसलिए मातेश्वरी जी ''ओम् श्री राधे'' के नाम से विख्यात हो गई। ''ओम् श्री राधे'' से ''यज्ञ माता'' के दिव्य व्यक्तित्व के रूप में महापरिवर्तन मातेश्वरी जी के ''वीणावादिनी सरस्वती'' के चैतन्य रूप में इस धरा पर साक्षात् अवतरण की एक अद्भुत कहानी है।

**आज मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती जी के60 वें स्मृति दिवस पर विशेष**

### एक नये इतिहास का सृजन

आपकी लौकिक माता से लेकर बच्चे, युवा, वृद्ध सभी आपको ''मम्मा'' के नाम से सम्बोधित करते थे और आपने भी ''यज्ञ माता'' की बेहद दृष्टि से व आध्यात्मिक ज्ञान से सर्व की पालना कर नारी सत्ता के आध्यात्मिक उत्थान की एक नई गौरव गाथा का सृजन कर दिया। मातेश्वरी जगदम्बा के पावन सान्निध्य से प्रेरित हो लाखों मनुष्यात्माओं द्वारा ज्योतिर्बिन्दु स्वरूप परमात्मा शिव के नई सतयुगी दुनिया की पुनर्स्थापना के महान परमात्म कार्य में स्वयं को समर्पण करने की घटना इतिहास में अन्यत्र कहीं नहीं मिलती है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की आध्यात्मिक त्याग, तपस्या, धारणा और सेवा के क्षेत्र में पूरे विश्व में जो विशिष्ट पहचान है, वह मातेश्वरी श्री जगदम्बा के दिव्य व्यक्तित्व और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का ही परिणाम है। मातेश्वरी जी के पावन सान्निध्य में पलने वाली आत्मायें अपने प्रखर साधना और तेजस्वी स्वरूप से वर्तमान समय में अज्ञान अंधकार में भटकती समस्त मानव जाति को परमात्म-अनुभूति की यथार्थ पहचान देकर उनके दिखाये गये साधना के पथ पर निरंतर अग्रसर हैं।

### वरदानी दिव्य दृष्टि

आध्यात्मिक साधना के मार्ग में मन और बुद्धि को परमात्मा के ऊपर एक बार समर्पित करने के बाद साक्षीद्रष्टा बनकर ईश्वरीय सेवा में इनका प्रयोग करने के लिए महान आध्यात्मिक विवेक और निरंतर अशरीरी बनकर परमात्म-शक्तियों की अनुभूति करते रहने का पुरूषार्थ आवश्यक है। मातेश्वरी जगदम्बा ने सदा निराकर ज्योतिर्बिन्दु स्वरूप परमात्मा शिव द्वारा अपने साकार मानवीय माध्यम पिताश्री ब्रह्मा के माध्यम से दिये गये ''श्रीमत'' का तत्क्षण पालन किया। मातेश्वरी जी को ''मनमत'' और ''श्रीमत'' में अत्यंत सूक्ष्म अंतर को स्पष्ट समझने के लिए ''वरदानी दिव्य दृष्टि'' प्राप्त थी। यह शक्ति बहुत ही विरले साधकों को प्राप्त होती है।

इस दिव्य दृष्टि के आधार से वे अपने सम्पर्क में आने वाली किसी भी मनुष्यात्मा के अन्दर छिपी हुई विशेषताओं को पहचानकर उसे पत्थर से तराशकर हीरा बना देती थी। वे ईश्वरीय ज्ञान और कर्मों के गुह्य रहस्य को सहज ढंग से स्पष्ट करने की कला में अत्यंत प्रवीण थी। इसके कारण ही उन्होंने स्वयं ''निर्माण'' और ''निर्मान चित्त'' बनकर सर्व मनुष्यात्माओं को साधना द्वारा साधक बनकर साधनों को निमित्त भाव से प्रयोग करने का महान पाठ पढ़ाया। मातेश्वरी जगदम्बा द्वारा अपने जीवन में किये गये ''कर्म योग'' का सफल प्रयोग, लाखों लोगों के लिए गृहस्थ जीवन में ''जीवन मुक्ति'' प्राप्त करने का सहज उदाहरण बना है। इससे मातेश्वरी जी ने संन्यास की परम्परागत अवधारणा को ही बदल दिया कि स्थूल कार्यों को न करने का संकल्प लेकर जंगल या पहाड़ की गुफाओं या कन्दराओं में जाकर बैठ जाना ही संन्यास और साधना नहीं है। बल्कि सच्ची साधना है- 'इस संसार में गृहस्थ जीवन जीना' तथा सच्चा संन्यास है- 'मन और बुद्धि से पांच विकारों काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार का सम्पूर्ण परित्याग।' इससे ही संसार में सामान्य जीवन व्यतीत करने वाले स्त्री/पुरूष को आध्यात्मिक जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त होती है तथा समाज में एक बड़ा क्रान्तिकारी परिवर्तन होता है।

### कर्म और योग का अद्भुत समन्वय

ब्रह्मा की मानस-पुत्री श्री मातेश्वरी जगदम्बा जी के जीवन में ''योग'' और ''कर्म'' के संतुलन का अद्भुत समन्वय था। गीता के अनुसार, राजयोग साधना की यही पराकाष्ठा है। जब किसी साधक की चेतना ''उच्च पराचेतना'' को स्पर्श कर लेती है, तो ''योगः कर्मेषुकौशलम्'' की सिद्धि प्राप्त हो जाती है। ऐसे साधक में किसी भी क्षण अपने संकल्प को ''शक्ति'' में परिवर्तित करने की क्षमता विकसित हो जाती है। मातेश्वरी जी ने स्वयं परमपिता परमात्मा शिव द्वारा सिखाये गये राजयोग से ''कर्म योग'' द्वारा ''जीवन मुक्ति'' प्राप्त करके ''कर्मभोग'' पर विजय प्राप्त कर लिया था। मम्मा अभय बनकर मृत्यु के भय पर ''विजयी भव'' का वरदान प्राप्त करके कैन्सर जैसी असाध्य बीमारी के भय को परास्त करते हुए अन्तिम श्वांस तक मानवता की सेवा में तत्पर रहीं। मातेश्वरी जी अपने नश्वर भौतिक शरीर का परित्याग करने के कुछ क्षण पूर्व तक ईश्वरीय ज्ञानामृत की पावन ज्ञान-गंगा बनकर उपस्थित मनुष्यात्माओं को पवित्र बनाने के पुण्य कर्म में संलग्न रहीं।

### सच्ची श्रद्धांजलि

24 जून, 1965 को मातेश्वरी जी ने स्वयं को शारीरिक कर्मेन्द्रियों की सीमाओं और बंधनों से मुक्त कर ''सम्पूर्णता'' को प्राप्त कर महाप्रयाण की यात्रा पर प्रस्थान किया। मातेश्वरी श्री जगदम्बा की सूक्ष्म उपस्थिति आज भी ब्रह्मावत्सों को जीवन-पथ पर अचल अडोल होकर कर्मयोग के लिए प्रेरणा प्रदान कर रही है। मातेश्वरी श्री जगदम्बा जी के दिखाये गये कर्म-साधना के पथ पर चलते हुए राजयोग की साधना द्वारा रूद्र-यज्ञ-रक्षक, आज्ञाकारी और निरहंकारी बनकर मानवता की सेवा में समर्पित रहें, यही हम ब्रह्मावत्सों की उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

**संचालिका राजयोग सेवा केन्द्र, राजनांदगांव**

## विचार सरिता

# हँसी के किस्से: बेमौसम की बरसात से हिल स्टेशन का ट्रिप हुआ कैंसल

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



इस बार बरसात जल्दी आ गई। वैशाख और जेठ के महीने में मानसून के आ धमकने से गर्मी की जल्दी विदाई हो गई। संयोग से कवि कुमार ने इस बार मई महीने में गर्मी की त्राहि-त्राहि से मुक्ति के लिए हिल स्टेशन जाने का कार्यक्रम बनाया था, पर वहाँ भी बेमौसम की बरसात होने की सूचना पर उन्होंने कार्यक्रम रद्द कर दिया था।

हिल स्टेशन नहीं जा पाने का पूरा गुस्सा कवि कुमार पर फूटा। पत्नी रिमझिम ने उनकी खूब खबर ली।

''अब मौसम अचानक बिगड़ गया तो मैं क्या कर सकता हूँ।'' कवि कुमार ने सफाई दी।

''तो आपको मौसम विभाग से अपडेट ले लेना था।'' पत्नी रिमझिम ने फिर प्रहार किया।

''अब उनके पूर्वानुमान भी कई बार सटीक नहीं बैठते हैं और मानसून के समय से पहले आने के पीछे कई कारण होते हैं।'' कवि ने सफाई देने की कोशिश की।

''तो आप कब से मौसम विभाग के प्रवक्ता बन बैठे?'' रिमझिम ने कटघरे में खड़े पतिदेव पर जिरह की ।

''अरे मैं मौसम विभाग का प्रवक्ता नहीं हूं रिमझिम! ऐसी सामान्य जानकारियां तो इंटरनेट और अखबारों पर उपलब्ध हो जाती हैं।'' कवि ने बचाव किया।

यह बहस लंबी चलती लेकिन कवि जी ने पहले ही सरेंडर कर दिया। उन्होंने पत्नी से कहा, ''अब प्रोग्राम कैंसल हो गया, उसकी छोड़ो। आगे कब, कहाँ चलना है, उसके बारे में सोचो।''

रिमझिम यह सुनकर प्रसन्न हो गई।

''दूर की ट्रिप तो दूर रही, फिलहाल इस संडे को पास के पिकनिक स्पॉट चलते हैं।'' कवि ने आखिर रिमझिम को मना लिया।

कवि की जान में जान आई। इस रविवार को वे पत्नी को अपनी स्कूटी पर बैठाकर शहर के पास स्थित झरने की ओर निकल पड़े। बारिश ने इस बार कृपा की और सुबह से आसमान को घेर चुके बादलों ने उन्हें बिना किसी बाधा के झरने तक पहुँचने दिया। कई एंगल से खींची गई सेल्फी, पास के टपरीनुमा होटल के पकौड़ों और बीच-बीच में बारिश की हल्की फुहारों ने रिमझिम की नाराजगी को पूरी तरह दूर कर वातावरण को खुशनुमा बना दिया।

### कवि कुछ यूं गुनगुना उठे :-

*गर्मी में बेमौसम की बरसात*
*कहीं ना जा पाए तुम - हम,*
*अब आया बरसात का मौसम*
*और साथ चल रहे तुम - हम,*
*साथ तुम्हारे होने की खुशी,*
*हर चीज से देखो बढ़कर है,*
*हिल स्टेशन का एहसास यही,*
*बरसाती गड्ढा भी सरोवर है।*

# वीरांगना रानी दुर्गावती

**मदन मंडावी**



भारतीय इतिहास में महारानी दुर्गावती को एक वीरांगना के रूप में जानी जाती है, जिनका इस देश में विरासत, रियासत और सियासत की ऐतिहासिक गाथा रही है।

*चंदेलों की बेटी थी,*
*गोंडवाना की रानी थी*
*चण्डी थी रणचंडी थी,*
*वह दुर्गावती भवानी थी।।*

शौर्य पराक्रम एवं अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति रानी दुर्गावती (5 अक्टूबर 1524-24 जून 1564) 1550 से 1564 ईस्वी में गोंडवाना की रानी थी। गोंडवाना जातिवाचक नहीं प्रजावाचक संज्ञा है। मध्य भारत में 1700 वर्ष तक गोंडवाना साम्राज्य स्थापित रहा। जहां अनेक गोंड राजवंशों ने राजा किया। जहां प्रजा सुरक्षित और प्रसन्नता महसूस करते थे। रानी दुर्गावती गढ़ा कटंगा की 16वीं शताब्दी में गोंड राजवंश के शासक के रूप में जानी जाती थी। उनका जन्म कालिंजर के किले में 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था। वे चंदेल राजा कीरत राय की पुत्री थी। 18 वर्ष की आयु में उनका विवाह एक प्रेम प्रसंग से राजा संग्राम शाह (मंडलागढ़िया) के बड़े पुत्र गोंडवाना साम्राज्य के 49वीं राजा दलपत शाह मंडावी से हुआ था। यह शादी एक राजनीतिक गठबंधन था। इस वंशवादी गठबंधन ने कीरत राय चंदेल को 1545 में शेरशाह सूरी के हमले का विरोध में मदद की।

गोंडवाना राज्य का क्षेत्रफल उत्तर से नरसिंहपुर दक्षिण में बस्तर (छत्तीसगढ़) पूर्व में संबलपुर (उड़ीसा) एवं पश्चिम में वर्धा (महाराष्ट्र) तक फैला था। गोंडवाना राज्य को गढ़ा मंडला भी कहा जाता था। रानी दुर्गावती ने पति दलपत शाह की मृत्यु के बाद अपने राज्य की बागडोर संभाली और 16 वर्षों तक शासन किया रानी की



**आज बलिदान दिवस पर विशेष**

राजधानी सिंगोरगढ़ थी। जो वर्तमान में जबलपुर-दमोह मार्ग पर स्थित ग्राम संग्रामपुर है। जहां पे सिंगोरगढ़ किला बना हुआ है। इसके अतिरिक्त मदन महल किला और नरसिंहपुर, चौरागढ़ का किला रानी दुर्गावती के राज्य के प्रमुख गढ़ों में से एक थे। महारानी दुर्गावती के समकालीन सेनापति ख्वाजा अब्दुल मजीद आसफ खान थे। वह रानी दुर्गावती और गोंडवाना की संपत्ति चाहता था। उसने मुगल सम्राट अकबर से अनुमति प्राप्त कर रानी के राज्य पर मुगल आक्रमण का नेतृत्व किया। रानी दुर्गावती ने 1545 में एक बेटा को जन्म दिया जिसका नाम वीर नारायण रखा गया। 40 वर्ष की आयु में उन्होंने एक ऐसी प्रेरक परिपाटी खड़ी कर दी। जो आज भी मानवता के लिए मिसाल बनी हुई है। जिसके संस्कारों में एक तरफ तो करुणा और संवेदना समाहित थी। वहीं दूसरी ओर शौर्य, पराक्रम और सतीत्व रंगों में दौड़ता था। रानी दुर्गावती ने अपने छोटे से जीवन काल में लगभग 52 युद्ध लड़े। जिसमें 51 युद्धों में विजय प्राप्त हुई। मालवा सुल्तान बाज बहादुर से लेकर मुगल सम्राट अकबर के अनेकों भारी आक्रमणों का मुंह तोड़ जवाब दिया था। रानी दुर्गावती ने अकबर सेना को तीन बार युद्ध में हराया था। प्रथम बार में ही अकबर के 3000 सैनिकों को मारकर हड़कंप मचा दिए थे। वह राज्य की जनता की खुशहाली के लिए संवेदनाओं के साथ सक्रिय रही। उन्होंने जाति-धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र रक्षा के लिए सर्वोपरि कार्य किए। अपने शासनकाल में बनाए कई मंदिर, मठ, इमारतें, कुएं, तालाब, नहरें, धर्मशालाएं इसकी गवाह है। सभी को समान अधिकार दिए उनके शासनकाल में गोंड, राजपूत, ठाकुर और कई मुस्लिम सेनापति भी मुख्य पदों पर आसीन थे। रानी दुर्गावती ने वल्लभ संप्रदाय के स्वामी विट्ठलनाथ का स्वागत किया। उन्हें उनकी कई विशेषताओं के कारण जाना जाता है,। वह बहुत सुंदर होने के साथ-साथ बहादुर और योग्य शासिका भी थी। उनके साम्राज्य में समृद्धि ऐसी थी की जनता स्वर्ण मुद्राओं से व्यापार करती थी। इस समय देश को 'सोने की चिड़ीया' के नाम से जाना जाता था। इसी समृद्धि को लूटने के लिए बाहरी आक्रांताओं द्वारा दुर्गावती के राज्य पर बार-बार हमला किया जाता था। रानी दुर्गावती ने अकबर की सेना को तीन बार युद्ध में हराया था। (अकबर की सेना 10,000 सैनिकों की थी) रानी अकबर की सेना के साथ चौथी युद्ध में बुरी तरह से घिर गई। उनकी आंख और गर्दन में तीर घुस गए। तब उन्होंने अपने संकल्प 'विजय नहीं तो क्या हुआ बलिदान तो संभव है' का स्मरण करते हुए अपना ही खंजर निकाला और सीने में घोंप लिया, दुनिया को बताया कि दुश्मन की आगे शीश झुकाकर अपमानजनक जीवन जीने से अच्छा मृत्यु को वरन करना है। इस तरह से मातृभूमि और आत्म सम्मान की रक्षा हेतु 24 जून 1564 को अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उस स्थान को बरेला नाम से जाना जाता है। जहाँ जबलपुर और मंडला रोड 'नरई नाला' के पास में रानी दुर्गावती की समाधि स्थल है।

रानी की सेना में 20,000 घुड़सवारी तथा 1000 हाथी दल के साथ बड़ी संख्या में पैदल सेना थी। युवतियों के लिए 'नारी वाहिनी' भी गठित थी। महारानी दुर्गावती के शासन में नारी की सुरक्षा और सम्मान उत्कर्ष पर था। न्याय और समाज व्यवस्था के लिए हजारों गांव में रानी की प्रतिनिधि रहते थे। वह सचमुच शक्ति स्वरूपा न्याय की देवी थी। महारानी दुर्गावती के सम्मान में 1983 में जबलपुर विश्वविद्यालय का नाम बदलकर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कर दिया गया उनके नाम पर डाक टिकट भी जारी किया गया। उन्हें मुख्य रूप से मुगल साम्राज्य के खिलाफ गोंडवाना (550 करोड़ वर्ष पूर्व नाम 'गोंडवानालैंड') की रक्षा करने के लिए याद किया जाता है। प्रतिवर्ष 24 जून को महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर गोंडवाना समाज एवं मध्य प्रदेश शासन इस स्थान पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

**प्रधान पाठक ढ़ारा, डोंगरगढ़, छत्तीसगढ़।**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकती हैं। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनियर्स की तरफ से पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज आप भविष्य के लिए कोई खास निर्णय ले सकते हैं। जो आगे चलकर कारगर साबित होगा।

**वृष राशि** — आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका कोई मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है। इस राशि के लोग उधार लेने और देने से बचें। आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। आज आपका धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। आज जॉब सर्च करने वालों को किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। स्टूडेंस पढ़ाई के लिए विदेश भी जा सकते है।

**मिथुन** — आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपके करीबी आपको अचानक से गिफ्ट देकर चकित कर सकते हैं। विवादों के मामलों में आज आपको सफलता हासिल होगी। आज आप शाम का समय अपने बच्चों के साथ व्यतीत कर सकते है। इस राशि के लोग आज बिजनेस में सोच-समझकर कर फैसला लें इससे आपको सफलता की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आज का दिन मनोकामना पूरी करने वाला है। आज आपको अपने लोगों के बीच अपनी छवि बनाने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके दुश्मन आपसे दूर ही रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते है। आज नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं। आज भाई आपसे पढ़ाई के विषय में जानकारी लेंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा , घर में खुशी का माहौल रहेगा। आपका स्वास्थ्य आज रोज से बेहतर रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज आपके जीवन में खुशियों की बौछार होगी। आज एक से अधिक स्रोतों से आपकी आय में बढ़ोतरी होगी। आपकी तरक्की से आज घरवालों को आप पर गर्व होगा। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे घर के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा , आप पहले से बेहतर महसूस करेंगे।

**कन्या** — आज का का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा, घर पर सब लोग खुश रहेंगे। आज घर के कामों को करने के बाद हाउसवाईव्स फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करेंगे। आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न कर सकती है। इस राशि के लोगों के व्यापार में आज दो गुना वृद्धि हो सकती है। आप अगर घर में कुछ परिवर्तन संबंधी निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है। परिवार का सहयोग बना रहेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज आपकी कोई कार्य योजना सफल होगी। आज संतान की तरक्की से आपको बेहद खुशी होगी। आपकी शादी की चल रही बात आज फाइनल हो जाएगी। वेब डिजाइनिंग के लोग जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं , अच्छी कम्पनी में जॉब मिल सकती है। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी। आज आप काम के बाद कुछ समय लवमेट के साथ बिताएंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहेगा। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकाले और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा, साथ ही कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार भी साबित होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सृजनात्मक होंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं, वो व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा , जिससे आपके रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।



# धरमपुरा आमनेर नदी घाट सफाई अभियान का हुआ समापन

## पारिस्थितिकी तंत्र की वापसी से खीला प्राकृतिक सौंदर्य, पक्षियों की चहचहाहट ने लौटाई घाट की रौनक



खैरागढ़ (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुआ धरमपुरा स्थित आमनेर नदी घाट का सफाई एवं श्रमदान अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। 'आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान' के अंतर्गत नगर पालिका, स्वच्छता दीदी टीम, समाजसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों के सहयोग से इस अभियान ने न केवल नदी को स्वच्छ किया, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी पुनर्जीवित किया।

### 17 दिन, 40 टन अपशिष्ट - जनसहयोग की मिसाल

17 दिनों तक चले इस अभियान के दौरान नदी से लगभग 40 टन जलकुंभी और अन्य कचरा निकाला गया। वर्षों से उपेक्षित रहे इस घाट को समर्पित श्रमदान, जनभागीदारी और पर्यावरणीय चेतना ने फिर से जीवंत बना दिया है।

### लौटी जैव विविधता - लौटे बगुले, चील और गिद्ध

स्वच्छता अभियान के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट दिखने लगे हैं।। अब घाट पर फिर से सफेद व काले बगुले, बाज, चील, गिद्ध जैसे पक्षी लौट आए हैं। लंबे समय से जल प्रदूषण के कारण पलायन कर चुके ये पक्षी अब निर्भीक होकर मछलियों, सरीसृपों और कीटों का शिकार करते देखे जा रहे हैं।

यह परिवर्तन स्वयं में एक महत्वपूर्ण संकेत है कि कैसे पर्यावरण संरक्षण के प्रयास धरातल पर नतीजे देते हैं।

### कलेक्टर ने की सराहना

सेवाभावियों ने लिया पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प अभियान के समापन अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, जिला पंचायत सीईओ, वनमंडलाधिकारी समेत कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने पर्यावरण की रक्षा हेतु संकल्प लिया और आमजन से अपील की कि नदियों को प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट से मुक्त रखें।

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रावल ने अभियान से जुड़े सभी सेवाभावियों को बधाई देते हुए कहा, 'नदी केवल जल का स्रोत नहीं, जीवन की धारा है।। इसकी रक्षा हम सबका कर्तव्य है।'

### समर्पण और सहभागिता की प्रेरक मिसाल

नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा नंद चंद्राकर ने अभियान को प्रेरणास्पद बताया, वहीं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरेश वर्मा ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। आत्मनिर्भर खैरागढ़ अभियान के संयोजक सदस्य अनुराग शांति तुरे ने इसे ''जनचेतना और समर्पण की जीत'' बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने की बात कही।

### 'स्वच्छ नदी, स्वस्थ खैरागढ़'- यही है अगला लक्ष्य

यह अभियान एक शुरुआत भर है। आमनेर घाट की तर्ज पर खैरागढ़ की अन्य जलस्रोतों की सफाई और संरक्षण की दिशा में कार्य जारी रहेगा। यह पहल सिद्ध करती है कि जब समाज एकजुट होकर प्रयास करता है, तो हर परिवर्तन संभव है।

# भंडारपुर बुथ में मनाया गया श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस जिपं अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव हुई शामिल



छुरिया (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव की उपस्थिति में आज ग्राम भंडारपुर बुथ में भाजपा के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव व जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस है और हमें यह खुशी है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि कश्मीर हमारा है और कश्मीर में एक विधान एक निशान और एक प्रधान होना चाहिए. देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर वह सब कुछ कर दिया, जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी की इच्छा थी. उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान व्यर्थ नहीं गया, जो वह चाहते थे, उनके सोच के अनुसार ही कश्मीर में धारा 370 हटाया गया. साथ ही जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने उनकी महानता को याद करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति की गहरी समझ उनके विचारों और कार्यों से प्राप्त होती है. डॉ. मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्वादी, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे, जिनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। साथ ही इस अवसर पर संजू साहू, गैंदालाल साहू, निकुराम साहू, नवीन पटेल, घुरराम साहू, अमर सिंह चंद्रवंशी, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, प्रीतम रजक, तामरज वैष्णव समेत भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी गई श्रद्धांजलि



डोंगरगढ़ (दावा)। शक्ति केंद्र क्रमांक 6 में भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सभी बुथ अध्यक्ष, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, मंडल उपाध्यक्ष अंचला सिंह ठाकुर, महामंत्री विनीत यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कबीर कुटी सत्संग समारोह में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, फेसिंग तार कार्य के लिए 1.50 लाख की घोषणा



खैरागढ़ (दावा)। छुईखदान ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बगदूर में आयोजित कबीर कुटी सत्संग समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने शिरकत की। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और सत्संग का लाभ लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा, जब भी कबीर कुटी सत्संग का आयोजन होता है, मुझे आमंत्रित किया जाता है। इस मंच के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं के साथ आत्मिक शांति और सत्संग का लाभ प्राप्त होता है। समारोह के दौरान विक्रांत सिंह ने फेसिंग तार कार्य हेतु 1.50 लाख की घोषणा की, जिससे आयोजन स्थल के विकास में सहयोग मिलेगा। इस अवसर पर जिला भाजपा मंत्री आनंद सिन्हा, युवराज पटेल समेत सत्संग से जुड़े सैकड़ों अनुयायी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विक्रांत सिंह खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और जनसंपर्क व जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों में नियमित रूप से हिस्सा ले रहे हैं।

## सरपंच ने बच्चों को बांटी चॉकलेट




हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत मुजगहन के सरपंच नीरा चुरामन हिरवानी ने सिर्राभांठा स्कूल के माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालय में आकस्मिक निरीक्षण कर बच्चों को चॉकलेट वितरण कर बच्चों से मुलाकात की और अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित की और साथ ही स्कूल की समस्याओं की जानकारी लेकर उन पर जल्द निराकरण करने का आश्वासन देकर नए शिक्षा सत्र में शिक्षकों को बच्चों को अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु मार्गदर्शन दी। सभी शिक्षक प्रवीण कुमार ठाकुर प्रधान पाठक, प्रकाश सिंह जोशी, प्रशांत यादव, लालदास साहू एवं शीतल कुमार साहू उपस्थित थे।

## असुरक्षित वातावरण में अध्ययन करने मजबूर है महाविद्यालय के छात्र

**○ शासन-प्रशासन से निरंतर पत्र व्यवहार किया जा रहा है - प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर ई.व्ही. रेवती**

डोंगरगढ़ (दावा)। जब से नेहरू महाविद्यालय के नए भवन में कक्षाएं लगना प्रारंभ हुई है तब से महाविद्यालय परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है। मोटरसाइकिल व साइकिल की चोरी के अलावा राह चलते छात्रों के साथ लूट पाट होना आम बात हो गई है। पुलिस प्रशासन है कि सुरक्षा नहीं दे पा रही है।वही जनप्रतिनिधि महाविद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल व सुगम मार्ग हेतु आश्वासन तो देते हैं। किंतु 6 वर्षों बाद भी न तो महाविद्यालय परिसर में बाउंड्री वॉल बनाया गया है न ही आवागमन हेतु सुगम मार्ग का निर्माण किया गया है। प्रभारी प्राचार्या डॉ श्रीमती ई वी रेवती से बात करने पर पता चला कि कालेज प्रशासन के द्वारा लगातार शासन प्रशासन को पत्र लिखा जा रहा है।लेकिन अभी तक ना ही रोड बना और ना ही बाउंड्री वॉल का निर्माण हो पाया है। जिससे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का हुआ गर्मजोशी से स्वागत, गीत-संगीत और नृत्य से महका स्कूल परिसर




डोंगरगांव (दावा)। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिरचारीकला में शुक्रवार को राज्य शासन के निर्देशानुसार व प्राचार्य एसबी उर्वशा के मार्गदर्शन में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत को उत्सव के रूप में मनाते हुए शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत शालाओं में बच्चों के रोली-टीका और पुष्प माला पहनाकर स्वागत के साथ हुई। बच्चों को मिठाई खिलाई गई और निःशुल्क पाठ्य पुस्तके व गणवेश प्रदान किए गए। प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक के बच्चों में उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यालय प्रांगण गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंज उठा।

मुख्य अतिथि किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा, बच्चों का यह जोश और उल्लास दर्शाता है कि वे पढ़ाई के लिए कितने उत्साहित हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन और उपस्थिति सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को समुचित वातावरण देना और शिक्षा के मार्ग की सभी बाधाओं को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर विद्यालय में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं ने एकल और सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से सबका मन जीत लिया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्रीमति भारती मंडावी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंजनी शर्माए, समाजसेवी कुमार साहू, हिरदे सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, दुलेश्वरी चंद्रवंशी, नरेंद्र दमोहे, जगदीश मिश्रा, प्रहलाद मिश्रा, पोखराज मंडावी, महेश मंडावी, संकुल समन्वयक भूषण वाडेकर, हेमंत सलामे, दुर्गेश मालेकर, पंचगण, पालकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अंजनी शर्मा ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी लक्ष्य बनाकर नियमित रूप से विद्यालय आएं और अपने शिक्षकों व माता.पिता के प्रति आदर रखें। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हीरालाल गजभिये ने किया एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक देवेन्द्र साहू ने किया। समस्त शिक्षकों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

शाला प्रवेश उत्सव के अंत में सभी बच्चों और पालकों को अतिथियों द्वारा पारंपरिक न्योता भोज भी कराया गया। यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक यादगार पल बनाए बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में भी एक प्रेरणास्पद पहल साबित हुआ।

# नीरज विद्या मंदिर में मना शाला प्रवेशोत्सव



डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (सीबीएसई, अंग्रेजी माध्यम), मोहड़ में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। संस्था की एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान ने बच्चों का पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्हें तिलक भी लगाया गया। साथ ही कई तरह के चॉकलेट्स भी वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि प्रवेशोत्सव के लिए शाला परिवार ने सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली थीं। प्रत्येक कक्षाओं को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। साथ ही इन कक्षाओं में अलग-अलग विषयों के चार्ट्स भी लगाए गए हैं। शिक्षण सहायक सामग्रियों की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर शिक्षकवृंद द्वारा नियमित प्रार्थनासभा एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक ले जाया गया। संगीत शिक्षक श्री डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के नेतृत्व में प्रेरक गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई। एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि हर अवसर महत्वपूर्ण होता है और इसका अधिक से अधिक लाभ छात्र-छात्राओं को उठाना चाहिए। प्राचार्या सुश्री जहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि नए संकल्प के साथ विद्यार्थियों को अध्ययन में जुट जाना चाहिए। संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के युवा शिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी सर ने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की है कि वे इस एकमात्र सीबीएसई स्कूल का अधिकाधिक लाभ अपने बच्चों के लिए उठाएँ। उन्होंने स्कूल के शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षा सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा परिणामों को संस्था की उपलब्धि बताया। संस्था के प्रशासक जी राम सिन्हा ने बताया कि संस्था में प्रवेश प्रारंभ है। प्री-प्रायमरी की कक्षाएँ सिटी ब्रांच (बाहुबली हार्डवेयर के बाजू) में और कक्षा पहली से बारहवीं तक का अध्ययन-अध्यापन मोहड़ स्थित बिल्डिंग में होता है। कक्षा ग्यारहवीं में बायोलॉजी, गणित एवं वाणिज्य विषय की सुविधा है। ऑप्शनल सब्जेक्टस में पी.ई, आई.पी. एवं हिन्दी विषय लेकर विद्यार्थी अध्ययन कर सकते हैं। प्रवेशोत्सव के दौरान शाला प्रबंधन के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा ने दी।

# खाद के लिए रत जगा कर रहे बेलगांव सोसायटी के किसान



**○ डिमांड से आधी मात्रा में ही खाद उपलब्ध होने से ठगा सा महसूस कर रहे है किसान**
**○ किसानों को जल्द ही खाद उपलब्ध कराई जाएगी - किरण साहू**

डोंगरगढ़/बेलगांव(दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव सोसाइटी में लंबे इंतजार के बाद,खाद पहुंचने से किसानों ने राहत की सास ली थी, किंतु डिमांड से आधी मात्रा में ही खाद उत्पन्न होने से किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों को बाजार से अधिक मात्रा में अथवा कर्ज लेकर खाद देना पड़ रहा है।

बेलगांव सोसाइटी के अंतर्गत कोलेन्द्र, ठाकुरटोला, कातल वाही ,रीवा गहन, बेलगांव के सैकड़ो की संख्या में किसान जुड़े हुए हैं। किसानों को आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लंबे इंतजार के बाद तीन रोज पहले एक ट्रक यूरिया खाद सोसाइटी में भेजा गया था। लेकिन आरो नहीं कटने के कारण किसानों को खाद वितरण नहीं किया जा रहा है। हर किसान को यूरिया खाद की जरूरत पड़ती है। इसलिए किसान सोसाइटी के सामने खाद के लिए रात भर जागरण कर रहे है।

पर्याप्त मात्रा में एवं समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने को लेकर,क्षेत्र के किसानों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू को अपनी पीड़ा बताई और शिकायत भी की, की दुकानों में सभी खाद्य उपलब्ध है। लेकिन प्रशासन सोसाइटी में खाद क्यों नहीं भेज रहा है। जबकि किसानों को खाद की आवश्यकता धान बुवाई और रोपाई के समय ही पड़ती है। जिस पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि जल्द ही किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि आवश्यकता के अनुरूप सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराई जाए।नहीं तो किसान उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

# दीवानझिटिया में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**परिजनों का बाहरी गैंग पर संदेह**



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला दीवानझिटिया में बीते दिवस शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को निःशुल्क गणवेश तथा पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।

ग्राम के शास. पूर्व माध्य. शाला में संयुक्त रूप से आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पश्चात् उत्साहपूर्ण माहौल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बतौर अतिथि ग्राम पंचायत के उपसरपंच नरेन्द्र साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नोखेराम सिन्हा, सेवक सिन्हा, कमलेश सेन, त्रिलोचन सिन्हा, अभिभावकों में नूतन साहू, अंजू सिन्हा, उर्मिला सिन्हा, शिवकुमारी सोनवानी आदि उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने शाला की व्यवस्था को सराहते हुए सभी शिक्षकों से वर्तमान सत्र में भी संस्था की परंपरा को बनाये रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की ओर ध्यान देने की बात कही।

शाला प्रवेश उत्सव में नया नया गणवेश और नई नई पुस्तक पाकर बच्चों का चेहरा खुशी से खिल उठा था। कार्यक्रम के अंत में प्रधानपाठिका संगीता जैन ने समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए शाला के उत्तरोत्तर विकास में आगे भी सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम के आयोजन में प्रधानपाठिका श्रीमती अनिता सलामे, शिक्षिका ममता मुटकुरे, रेखा मलगाम, यशवंत देवांगन आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

# पुलिस ने आरोपी के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित संत्रा देसी शराब की ज़ब्त



**आरोपी से मोटर सायकल भी लिया कब्जे में**

राजनांदगांव(दावा) जिले की गैंदाटोला पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी करने वाले आरोपी से 180 मिली लीटर कीमती 70 प्रति सीसी, एक सफेद-पीले रंग के झोले में रखा हुआ कुल 37 नग सीसी सीलबंद कुल 6660 मिली लीटर शराब जब्त की है वहीं आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एक नग मोटर साइकिल वाहन भी जब्त किया है।

गैंदाटोला थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि अभियुक्त के पुरानिक पिता रोहित मंडावी उम्र 19 वर्ष निवासी खुर्सीपार थाना गैंदा टोला- के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना क्षेत्र में दिनांक 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है इस तारतम्य में दिनांक- 22-23 जून की दरमियानी रात मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मासुल-फाफामार की ओर महाराष्ट्र से एक व्यक्ति अपने मोटरसाइकिल वाहन क्रमांक सीजी-04/केएक्स 8851 में अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए आ रहा है।

### पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा आरोपी

सूचना तस्दीक हेतु दो स्वतंत्र गवाहों के साथ थाना से पुलिस टीम रवाना किया गया जो घटना स्थल मासुल रोड तालाब के पास ग्राम फाफामार में मुखबीर के बताएं हुलिया का व्यक्ति उक्त मोटरसाइकिल में आता हुआ दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस को उसके कब्जे से एक सफेद-पीले रंग के झोले में अवैध रूप से रखा हुआ शराब परिवहन करते हुए मिला संदेही व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम पुरानिक मंडावी पिता रोहित मंडावी बताया । मौके पर गवाहों के समक्ष सफ़ेद-पीले रंग के झोले को चेक करने पर 37 नग देसी दारू प्रीमियम डीलक्स सुपर संतरा प्रत्येक पौव्वा 180 एमएल शराब सील बंद भरी हुई कांच की सीसी मिली जिसकी कुल मात्रा 6660 मिलीलीटर एवं प्रत्येक पौव्वा कीमती ?70 कुल कीमती 2590 रुपए एवं अभियुक्त के कब्जे से एक नग मोटरसाइकिल वाहन कीमत ?20000 जुमला कीमती 22590 रुपए मिला जिसे मौके पर शराब परिवहन करने संबंधी नोटिस देकर विधिवत् कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाए जाने से अपराध कायम कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल कर दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री नामदेव सहित सहायक उप निरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, आरक्षक राकेश साहू, मोहित साहू भरथरी चौरे, दुर्गेश साहू, वाहन चालक केसर, टुमन लाल एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# कुम्हालोरी में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुम्हालोरी (सुरगी) में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना एवं वंदना के साथ प्रारंभ किया गया तत्पश्चात कक्षा पहली एवं छठवीं के नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का चंदन अभिषेक कर मुंह मीठा कराया गया तथा गिफ्ट भेंट किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य देवकुमारी साहू के द्वारा अपने उद्बोधन में बच्चों को लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए हर सुख दुख में शाला परिवार के साथ रहने की बात कही गई। खीर पूड़ी एवं बच्चों के लिए गिफ्ट की व्यवस्था दीपक साहू, कुमुद साहू, लिलेश्वरी साहू, अंजनी साहू पंचगणों की ओर से किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में सरपंच ललती ठाकुर, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सांवतराम पटेल, ओंकार साहू, चैनसिंग गोसाईं, राजेश साहू, ओंकार साहेब, थानूराम पटेल, पुरुषोत्तम साहू, समयलाल साहू, पूजा पटेल, माध्यमिक प्रधान पाठक रेख राम साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक दिनेश्वर साहू, चन्द्रशेखर साहू, दुष्यंत बघेल, माधुरी मेडम, कमलेश देवांगन, ऐश्वर्य साहू, कामिनी सुधाकर एवं किरण निषाद के साथ-साथ पालक एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन चन्द्रशेखर साहू शिक्षक के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन दिनेश्वर साहू प्रधान पाठक द्वारा किया गया।

# पहला कॉलम...

## ललित उपाध्याय ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलंपिक 2024 और टोक्यो ओलंपिक 2020 में ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। अनुभवी फारवर्ड ललित उपाध्याय दोनों बार भारतीय हॉकी टीम के अभिन्न अंग रहे थे। अब उन्होंने दो दशक से ज्यादा समय तक चले अपने शानदार करियर को अलविदा कह दिया है। ललित ने 2014 में विश्व कप में अंतरराष्ट्रीय हॉकी में डेब्यू किया था तथा ओलंपिक में दो पदक जीतना उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि रही।

ललित उपाध्याय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके संन्यास के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि यह सफर एक छोटे से गांव से शुरू हुआ, जहां संसाधन सीमित थे। लेकिन सपने असीम थे। स्टिंग ऑपरेशन का सामना करने से लेकर एक बार नहीं बल्कि दो बार ओलंपिक पोडियम पर पहुंचने का यह सफर चुनौतियों, विकास और अविस्मरणीय गौरव से भरा रहा। 26 सालों के बाद अपने शहर से पहला ओलंपियन बनना ऐसी बात है जिसे मैं हमेशा पूरे सम्मान के साथ संजोकर रखूंगा। ललित उपाध्याय ने अपने दम पर भारतीय हॉकी टीम को कई मुकाबले जिताए। उनके पास गोल करने की अद्भभुत क्षमता मौजूद थी। उन्होंने सीनियर स्तर पर भारतीय हॉकी टीम के लिए 183 मैच खेले, जिनमें 67 गोल किए। इस 31 साल खिलाड़ी ने भारतीय टीम के लिए अपना अंतिम मैच 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था।

## दिल्ली-मेरठ के पूरे कॉरिडोर पर हुआ नमो भारत का सफल ट्रायल

नई दिल्ली। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने सोमवार को सराय काले खां से लेकर मोदीपुरम के बीच नमो भारत ट्रेन के पूरे रूट पर सफलतापूर्वक ट्रायल रन पूरा कर लिया। नमो भारत ट्रेन ने दिल्ली के सराय काले खां से लेकर मेरठ के मोदीपुरम के बीच 82 किलोमीटर की पूरी यात्रा एक घंटे से भी कम समय में पूरी की। एनसीआरटीसी ने बताया कि ट्रायल रन के दौरान नमो भारत ट्रेनों के साथ-साथ मेरठ मेट्रो ट्रेनें भी चल रही थीं और सिस्टम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। ट्रायल रन के दौरान ट्रेनें सराय काले खां से मोदीपुरम तक हर स्टेशन पर रुकीं और एनसीआरटीसी द्वारा तय किए गए टाइम टेबल का पालन करते हुए एक घंटे से भी कम समय में पूरी दूरी तय की। एनसीआरटीसी द्वारा किया गया ये ट्रायल रन दिल्ली, गाजियाबाद और मेरठ को जोड़ने वाले भारत के पहले नमो भारत कॉरिडोर के ऑपरेशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ट्रायल के दौरान, नमो भारत ट्रेनें पूरे 82 किलोमीटर के सेक्शन में 160 किमी प्रति घंटे की टॉप ऑपरेशनल स्पीड से चलीं। कॉरिडोर पर एलटीई बैकबोन पर तैनात एडवांस ईटीसीएस लेवल 3 हाइब्रिड सिग्नलिंग सिस्टम, जो दुनिया में पहली बार है, ने हर स्टेशन पर लगाए गए प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) के साथ-साथ अद्भुत प्रदर्शन किया।

## शेयर बाजार धड़ाम : सेंसेक्स 511 अंक गिरा, निफ्टी 25,000 के नीचे

नई दिल्ली। इजरायल-ईरान और रूस-यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के बीच घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 23 जून को कारोबार के आखिर में 511.38 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 81896.79 के लेवल पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई निफ्टी भी 25000 के लेवल से फिसलकर कारोबार के आखिर में 140.5 अंक लुढ़ककर 24971.90 के लेवल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अप्रत्याशित अमेरिकी हवाई हमले ने उन उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई और घरेलू इक्विटी बाजार में मजबूती आई। बता दें, बीते शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 82,408.17 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत चढ़कर 25,112.40 अंक पर बंद हुआ था। आज के कारोबार में निफ्टी पर ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अदानी एंटरप्राइजेज, अदानी पोर्ट्स प्रमुख लाभ में रहे, जबकि इंफोसिस, एलएंडटी, हीरो मोटोकॉर्प, एमएंडएम, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में गिरावट रही। सेक्टोरल परफॉर्मेंस को देखें तो आईटी, एफएमसीजी, ऑटो, बैंक में 0.5-1.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जबकि मीडिया, मेटल, कैपिटल गुड्स में 0.5-4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## इंग्लिश क्रिकेटर भी हुआ जसप्रीत बुमराह के मुरीद, कहा...

लीड्स, प्रेट्र। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का मानना है कि जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं और लाइट चालू होने पर जब वह दोनों तरफ से गेंद को स्विंग कराते हैं तो उनका सामना करना बेहद मुश्किल होता है। डकेट ने कहा कि बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उनका सामना करना बेहद मुश्किल है, वह किसी भी परिस्थिति में अच्छे हैं और लाइट चालू होने पर दोनों तरफ स्विंग करते हुए आते हैं तो उन्हें खेलना मुश्किल होता है। उन्होंने कहा कि बिना किसी संकेत के तीन या चार अलग-अलग गेंदें फेंकने की उनकी क्षमता कमाल की है। आपको तब तक पता नहीं चलता कि वह बाउंसर, या धीमी गेंद, यार्कर, बाहर की ओर जाती स्विंगर या इन स्विंगर डाल रहे हैं, जब तक कि गेंद उनके हाथ से न निकल जाए। आपको उनके साथ गेंद को इतनी बारीकी से देखना पड़ता है कि उन्हें समझना बहुत मुश्किल हो जाता है।

# चौथे दिन का खेल खत्म, इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाए बनाए 21 रन, भारत ने रखा है 371 का लक्ष्य

लीड्स। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है. इस मुकाबले का चौथा दिन बेहद रोमांचक रहा. भारतीय टीम की दूसरी पारी 364 के स्कोर पर सिमट गई. अब इस मुकाबले में जीत के लिए इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य है. इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाए 21 रन बना लिए हैं. यानी आखिरी दिन इंग्लैंड को 350 रनों की जरूरत है, जबकि उसके हाथ में 10 विकेट हैं.



चौथे दिन की शुरुआत अच्छी नहीं रही और गिल 8 रन बनाकर आउट हो गए. लेकिन इसके बाद पंत और केएल राहुल ने भारत की पारी को संभाला. दोनों ने शतक लगाया. पंत 118 रन बनाकर आउट हो गए. जबकि केएल राहुल के बल्ले से 137 रन आए. लेकिन 333 के स्कोर पर केएल राहुल का विकेट गिरा. इसके बाद भारतीय पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई. यानी 31 रन बनाने में भारत के 5 विकेट गिर गए. मुकाबले में भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 471 रन बनाए. इसके जवाब में मेजबान इंग्लैंड की पहली पारी 465 रनों पर सिमट गई. यानी पहली पारी के आधार पर टीम इंडिया को 6 रनों की लीड हासिल हुई थी. अब इंग्लैंड के सामने 371 रनों का लक्ष्य है. इंग्लैंड की पहली पारी 471 रनों पर सिमट गई थी. ओली पोप ने सबसे ज्यादा 137 गेंदों पर 106 रन बनाए, जिसमें 14 चौके शामिल रहे. वहीं हैरी ब्रूक महज एक रन से शतक से चूक गए. ब्रूक ने 112 गेंदों का सामना किया और 11 चौके के अलावा दो छक्के लगाए. सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (94 बॉल पर 62 रन, 9 चौके) भी अर्धशतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे. भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने सबसे ज्यादा पांच विकेट चटकाए. वहीं प्रसिद्ध कृष्णा को तीन, जबकि मोहम्मद सिराज को दो सफलताएं हासिल हुई.

## प्रसिद्ध कृष्णा के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

नई दिल्ली। ओली पोप, हैरी ब्रूक और जैमी स्मिथ के रूप में प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए, बावजूद उनके नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया. भारत बनाम इंग्लैंड पहले टेस्ट का आज चौथा दिन है, तीसरे दिन इंग्लैंड की पहली पारी 465 रनों पर समाप्त हुई. भारत आज दिन की शुरुआत 90/2 से करेगा, केएल राहुल 43 और शुभमन गिल 6 रन बनाकर नाबाद हैं.



जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के टॉप 3 विकेट चटकाए, इस दौरान प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर बेअसर नजर आ रहे थे. हालांकि तीसरे दिन ओली पोप के रूप में कृष्णा ने महत्वपूर्ण विकेट दिलाया. इसके बाद उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर जैमी स्मिथ (40) और हैरी ब्रूक (99) को भी आउट किया. लेकिन उनकी गेंदों पर इंग्लिश बल्लेबाजों ने खूब कुटाई भी की, यही वजह रही कि एक शर्मनाक रिकॉर्ड उनके नाम दर्ज हो गया.

प्रसिद्ध ने पहली पारी में 20 ओवर डाले, 3 विकेट लिए लेकिन रन भी खूब लुटाए. उनका इकॉनमी बहुत खराब रहा, उन्होंने 6.40 की इकॉनमी से 128 रन दिए. शार्दुल ठाकुर ने भी 6.33 की इकॉनमी से 38 रन दिए लेकिन कप्तान ने उनसे सिर्फ 6 ही ओवर डलवाए. प्रसिद्ध कृष्णा भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में सबसे महंगा स्पेल फेंकने वाले गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने कम से कम 20 ओवर फेंके. पहले ये अनचाहा रिकॉर्ड वरुण एरोन के नाम था, जिन्होंने 2014 में एडिलेड में खेले गए।

## वरुण चक्रवर्ती ने पलटी हारी हुई बाजी, 260 के स्ट्राइक रेट से मचाया धमाल, दिलायी जीत

नई दिल्ली। वरुण चक्रवर्ती को आपने गेंद से तो खूब मैच पलटते हुए देखा होगा। वरुण अपनी घूमती गेंदों के दम पर कई मुकाबले में टीम के लिए मैच विनर साबित हो चुके हैं। मगर तमिलनाडु प्रीमियर लीग 2025 में वरुण ने इस बार हारी हुई बाजी को अपनी बल्लेबाजी से पलटकर दिखाया है। आखिरी ओवर में वरुण ने पहले गगनचुंबी सिक्स जमाया, तो अगली बॉल पर जोरदार चौका लगाते हुए टीम को जीत दिला दी। वरुण की इस धांसू इनिंग से आर अश्विन भी बेहद खुश नजर आए और उन्होंने मिस्ट्री स्पिनर को गले से लगा लिया।



तमिलनाडु प्रीमियर लीग 2025 के 19वें मैच में सेलम स्पार्टंस की भिड़ंत डिंडीगुल ड्रैगन्स के साथ हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पार्टंस की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 188 रन लगाए। लक्ष्य के जवाब में ड्रैगन्स के बल्लेबाजों ने भी बेहतरीन खेल दिखाया। 19 ओवर के बाद डिंडीगुल ड्रैगन्स के स्कोर बोर्ड पर 7 विकेट खोकर 178 रन लगे थे। टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 11 रनों की दरकार थी। लास्ट ओवर की चार गेंदों पर सिर्फ 3 रन बने और ड्रैगन्स की टीम ने अपना एक विकेट भी गंवा दिया। अब अंतिम दो गेंदों पर जीत के लिए टीम को 8 रन की दरकार थी और स्ट्राइक पर थे वरुण चक्रवर्ती।

बॉलर ने पहले नो-बॉल फेंकी। इसके बाद अगली गेंद को वरुण ने दर्शकों के बीच पहुंचाते हुए छह रन बटोर लिए। लास्ट गेंद पर वरुण ने फिर बल्ला घुमाया और गेंद को बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाते हुए डिंडीगुल ड्रैगन्स को रोमांचक मैच में 2 विकेट से जीत दिला दी। वरुण ने सिर्फ 5 गेंदों का सामना करते हुए 13 रन की नाबाद पारी खेली। वरुण ने 260 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए मैच का पूरा रुख ही पलटकर रख दिया। जीत के बाद वरुण ने अपने ही अंदाज में जश्न मनाया। वहीं, कप्तान अश्विन भी वरुण को शाबाशी देते हुए नजर आए।

## वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश ने किया टीम का ऐलान

नई दिल्ली। बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। इस स्क्वॉड में 16 प्लेयर्स को जगह दी गई है। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान की चोट के बाद वापसी हुई है। इसके अलावा टी20 कप्तान लिटन दास को टीम में शामिल किया गया है।



वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 नहीं खेल पाए थे। शमीम हुसैन, तनवीर इस्लाम, हसन महमूद और मोहम्मद नईम को भी टीम में शामिल किया गया है। हाल ही में महमूदुल्लाह और मुशफिकुर रहीम ने संन्यास का एलान किया था। ऐसे में वह इस टीम का हिस्सा नहीं हैं।

मुख्य चयनकर्ता गाजी अशरफ हुसैन ने कहा कि दास को वनडे टीम में अपनी जगह बनाने का मौका दिया जाना महत्वपूर्ण था। अशरफ ने कहा, 'लिटन दास खराब दौर से गुजर रहे थे, लेकिन समय सबसे अच्छा मरहम है। वह टी20 कप्तान हैं इसलिए हम अगले टी20 विश्व कप तक उन पर विचार कर सकते हैं।'

चीफ सिलेक्टर ने कहा, 'अगर किसी को फॉर्म में लौटना है, तो उसे लंबे समय तक मैदान पर रहना चाहिए। हमें लगता है कि लिटन वनडे से टी20 में अपनी फॉर्म को वापस ला सकते हैं।'

बांग्लादेश की टीम में पांच तेज गेंदबाजों को जगह दी गई है। गाजी अशरफ हुसैन ने कहा, 'हमने वनडे टीम में पांच तेज गेंदबाजों को शामिल किया है, क्योंकि मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद चोट से वापसी कर रहे हैं। हम नाहिद राणा के वर्कलोड मैनेजमेंट को भी ध्यान में रखते हैं, इसलिए हमने चुनने के लिए पर्याप्त विकल्प रखे हैं।'÷ सीरीज के पहले दो मुकाबले 2 जुलाई और 5 जुलाई को कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं सीरीज का आखिरी मैच 8 जुलाई को पल्लेकेले में होगा।

### सीरीज का शेड्यूल

पहला वनडे : 2 जुलाई, दूसरा वनडे : 5 जुलाई, तीसरा वनडे : 8 जुलाई

### बांग्लादेश टीम

मेहदी हसन मिराज (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, मोहम्मद नईम, नजमुल हुसैन शंटो, तौहीद हृदोय, लिटन दास, जेकर अली, शमीम हुसैन, रिशाद हुसैन, तनवीर इस्लाम, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, नाहिद राणा, हसन महमूद।

## अब मुंबई क्रिकेट से नाता तोड़ना चाहते हैं पृथ्वी शॉ!

नई दिल्ली। मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा है। उन्होंने एसोसिएशन को सूचित किया है कि वह दूसरे राज्यों से खेलना चाहते हैं। पिछले साल खराब फिटनेस के कारण शॉ को मुंबई की सीनियर सिलेक्शन कमेटी ने रणजी ट्रॉफी खेल से बाहर कर दिया था।



उन्हें रूष्ट्र प्रशिक्षकों द्वारा तैयार दो सप्ताह का फिटनेस कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। टीम मैनेजमेंट ने रूष्ट्र को सूचित किया था कि पृथ्वी शॉ के शरीर में 35 प्रतिशत वसा है और टीम में वापस आने से पहले उन्हें कठोर ट्रेनिंग की जरूरत है।

रूष्ट्र के एक सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, उन्होंने हमसे हह्रष्ट मांगी है और हम जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे। खबरों की मानें तो शॉ को इस महीने की शुरुआत में दो-तीन राज्यों से ऑफर मिले थे। पिछले अक्टूबर में रूष्ट्र की सिलेक्शन कमेटी ने फैसला किया था कि अगर शॉ को फिर से मुंबई की टीम के लिए खेलना है, तो उन्हें कुछ किलो वजन कम करना होगा। उनकी फिटनेस और फॉर्म में कभी सुधार नहीं हुआ और चयन समिति ने उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी से भी बाहर करने का फैसला किया। यह दिसंबर 2024 में खेली गई थी। टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद पृथ्वी शॉ का रिएक्शन सामने आया था। सोशल मीडिया पोस्ट में शॉ ने लिखा था, मुझे बताओ भगवान, मुझे और क्या देखना है।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के 18 साल पूरे

मुंबई । रोहित शर्मा ने 18 साल पहले 23 जून को ही अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था। इसको याद कर हिटमैन भावुक हो गए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पहले हेलमेट की तस्वीर साझा की है और भावुक संदेश लिखा।



रोहित ने लिखा- हमेशा आभारी रहूंगा, 23.06.07। तब रोहित की उम्र 20 साल की थी और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच से डेब्यू किया था। भारत के लिए दो आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके रोहित को अब तक के सबसे बेहतरीन ओपनर्स में से एक माना जाता है। इन 18 वर्षों में हिटमैन के करियर में कई उतार चढ़ाव आए, लेकिन उन्होंने इन सबका डट कर सामना किया और अब वह कामयाबी की बुलंदियों पर हैं।

रोहित की कप्तानी में भारत 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल और उसी साल के अंत में वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा। हालांकि, टीम दोनों बार ट्रॉफी से चूक गई। उन्होंने 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाया और 13 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त किया। इसके बाद टीम ने 2025 में रोहित की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम की। साल 2024 में रोहित 150 से अधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले पहले पुरुष क्रिकेटर बने। हालांकि उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया।

## अडाणी ग्रुप ने शुरू किया भारत का पहला ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट

नई दिल्ली। अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने गुजरात के कच्छ में भारत का पहला 5 मेगावाट ऑफ-ग्रिड ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्लांट शुरू कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह प्लांट पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलता है और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की मदद से बिना बिजली ग्रिड के काम करता है। यह भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



यह आधुनिक प्लांट एक खास ऑटोमेटेड सिस्टम से लैस है, जो सौर ऊर्जा के अप-डाउन के हिसाब से अपने आप काम करता है। यह सिस्टम सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद है। यह प्लांट भारत के नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन को सपोर्ट करता है, जिसका मकसद विदेशी ईंधन पर निर्भरता कम करना और देश को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाना है।

यह प्लांट ग्रीन हाइड्रोजन के जरिए खाद, रिफाइनिंग और भारी ट्रांसपोर्ट जैसे क्षेत्रों को पर्यावरण के लिए बेहतर बनाने में मदद करेगा। यह भारत को ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन हब बनाने और नेट-जीरो (लगभग जीरो कार्बन उत्सर्जन) लक्ष्यों को हासिल करने में योगदान देगा। यह पायलट प्लांट गुजरात के मुंद्रा में बनने वाले बड़े ग्रीन हाइड्रोजन हब के लिए एक टेस्ट की तरह है। इस प्रोजेक्ट के जरिए देश के आत्मनिर्भर भारत विजन को मजबूत कर रही है। कंपनी ग्रीन हाइड्रोजन के साथ-साथ ग्रीन अमोनिया, ग्रीन मेथनॉल और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल जैसे प्रोडक्ट्स बना रही है।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

**ईरान का अमेरिका पर पलटवार....**

वाली उड़ान को डायवर्ट कर दिया है और कन्नूर से आने वाली हमारी उड़ान को वापस भेज दिया है। एअर इंडिया ने कहा कि कतर जाने वाली हमारी कोई अन्य उड़ान नहीं है। कतर में एयर इंडिया एक्सप्रेस का कोई विमान नहीं है।

**ईरान के समर्थन में खुलकर आया रूस,**

लोगों की मदद के लिए अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरानी विदेश मंत्री के साथ यह मुलाकात मौजूदा हालात पर गंभीर चर्चा का मौका देगी और दोनों देश मिलकर समाधान का रास्ता निकाल सकते हैं। बता दें कि, पुतिन का यह बयान उस समय आया है जब इस्राइल और ईरान के बीच शुरू हुआ तनाव आज वैश्विक खतरा बनने के कगार पर है। कारण है कि रविवार को अमेरिका ने भी ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला कर उसे तबाह कर दिया।

**मिड-एयर अलर्ट: उड़ान के तुरंत बाद....**

इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। रविवार को भी एयर इंडिया की फ्लाइट को बर्ड हिट के चलते रद्द करना पड़ा। AI 2455 जो तिरुवनंतपुरम से दिल्ली जा रही थी, उसे कैंसिल कर दिया गया। दरअसल, दिल्ली से आई इनबाउंड फ्लाइट AI 2454 के लैंडिंग के वक्त संभावित बर्ड हिट की सूचना मिली थी। इसके बाद विमान की गहन जांच शुरू की गई और फ्लाइट रद्द कर दी गई।

**शशि थरूर ने फिर की पीएम मोदी....**

शशि थरूर ने कहा कि 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया ने देश की विदेश नीति के लिए एक महत्वपूर्ण पक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, ''तत्काल सैन्य कार्रवाई निर्णायक थी, लेकिन उसके बाद का कूटनीतिक संपर्क वैश्विक धारणाओं को आकार देने और अंतरराष्ट्रीय समर्थन को मजबूत करने में समान रूप से, यदि अधिक नहीं तो, महत्वपूर्ण था। इसके अलावा शशि थरूर ने कहा, पश्चिमी गोलार्ध के पांच देशों-गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका में सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व करने से मुझे सार्वजनिक कूटनीति के इस गहन दौर से सीखे गए सबक पर विचार करने का एक अनूठा अवसर मिला।'' हालांकि शशि थरूर की यह टिप्पणी कांग्रेस पार्टी को संकट में डाल सकती है। कांग्रेस पार्टी इन दिनों मोदी सरकार की विदेश नीति को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि भारतीय कूटनीति चरमरा गई है और भारत विश्व स्तर पर अलग-थलग पड़ गया है। इस बीच कांग्रेस के ही सांसद शशि थरूर के इस बयान से कांग्रेस और थरूर के संबंधों में दरार और बढ़ सकती है।

**4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव:गुजरात के...**

कोई भी विधायक नहीं है। पंजाबः यहां आम आदमी पार्टी की सरकार है। भगवंत मान सीएम हैं। कुल विधानसभा सीटें 117 हैं। आप के पास 91 सीटें हैं। कांग्रेस के पास 18 सीट, शिरोमणि अकाली दल के पास 3 सीट, बीएफपी के पास 1 और बीजेपी के पास 2 सीटे हैं। एक विधायक निर्दलीय है। केरलः यहां लेफ्ट डेमोक्रेटिक फंट की सरकार है। पिनाराई विजयन सीएम हैं। कुल विधानसभा सीटें 140 हैं। एलडीएफ के पास 98 सीटें हैं। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के पास 41 सीटें हैं।

**यमुनोत्री पैदल मार्ग पर हादसा....**

पर पहुंची। टीम ने रास्ते में फंसे यात्रियों को भूस्खलन वाले क्षेत्र से बाहर निकाला। मौसम विज्ञान विभाग ने 22 से 26 जून तक राज्य के देहरादून, नैनीताल, टिहरी, चंपावत में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। इसके मद्देनजर यूएसडीएमए के अधीन राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसओईसी) ने संबंधित जिलों के डीएम को पत्र भेजकर सावधानी बरतने को कहा है। इसमें आपदा प्रबंधन आईआरएस के नामित अधिकारी व विभागीय नोडल अधिकारी अलर्ट पर रहेंगे। गंगोत्री हाईवे पर सुक्की के सात नालों पर वर्षों से बॉर्डर रोड ऑर्गनाईजेशन की ओर से सुधारीकरण और सुरक्षात्मक उपाय नहीं किए गए हैं। इस कारण यह नाले हर बरसात में सड़क पर आवाजाही में मुसीबत बनते हैं। इस संबंध में कई बार स्थानीय प्रशासन और बीआरओ से कई बार वहां पर सुरक्षात्मक कार्यों की मांग कर चुके हैं। स्थानीय निवासी संजय राणा, मनोज नेगी, भागवत पंवार, दीपक राणा, अजय नेगी आदि का कहना है कि हर्षिल घाटी सहित गंगोत्री और भारत-चीन अंतराष्ट्रीय सीमा को जोड़ने का गंगोत्री हाईवे एक मात्र साधन है। इसमें हर्षिल घाटी शुरू होने से पहले ही हाईवे पर सात नाले हर वर्ष बरसात में मुसीबत बनते हैं। इस कारण चारधाम यात्रा के यात्रियों सहित आठ गांव के ग्रामीणों और सेना व आईटीबीपी के जवानों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि कई बार बरसात में इन नालों में जलस्तर बढ़ने और मलबा आने के कारण यह कई दिनों तक सड़क बंद रहती है। क्योंकि सड़क पर सात स्थानों पर एक साथ मलबा आने के कारण मशीनरी को इसे साफ करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर कई बार बारिश होने पर इन नालों में जलस्तर बढ़ने के कारण दोपहिया और छोटे वाहनों के बहने का खतरा भी बना रहता है। इसलिए स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और बीआरओ से इन सात नालों में सुरक्षात्मक कार्य करने की मांग की है।

**इजरायल की ईरान पर ताबड़तोड़ बमबारी,**

नागरिकों की रिपोर्ट अधिकारियों को देने के लिए जाना जाता है. इजरायली एयर स्ट्राइक में अल्बोरज कोर को भी नुकसान पहुंचा, जो तेहरान के आसपास के शहरों को विभिन्न खतरों से बचाने तथा शासन की स्थिरता बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है. इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के आंतरिक सुरक्षा बलों के अंतर्गत आने वाले इंटेलिजेंस और जनरल सिक्योरिटी पुलिस को भी निशाना बनाया, जो ईरानी शासन के सैन्य बलों का ही हिस्सा हैं. इन लक्ष्यों पर हमला करने से ईरानी शासन की सैन्य क्षमताओं और नियंत्रण स्थापित करने की उसकी क्षमता को नुकसान पहुंचा है, क्योंकि इन कमांड सेंटरों का महत्वपूर्ण सैन्य प्रभाव होता है. आईडीएफ ने यह भी दावा किया कि उसकी एयरफोर्स ने पश्चिमी, मध्य और पूर्वी ईरान में छह हवाई अड्डों पर हमला किया, जिससे रनवे, अंडरग्राउंड हैंगर, ईंधन भरने वाले विमान, एफ-14, एफ-5 और एएच-1 विमान नष्ट हो गए. इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा था कि ईरान के खिलाफ इजरायल अपने सैन्य अभियान को और तेज करेगा. उन्होंने कहा था, ईरान और गाजा दोनों में इजरायल पूरी ताकत से काम करना जारी रखेगा. नेतन्याहू ने कहा, हम अपने लक्ष्य हासिल करने से पहले इस ऐतिहासिक अभियान को नहीं रोकेंगे. कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिकी हमले के एक दिन बाद, ईरानी संसद ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऑयल इम्पोर्ट ट्रांजिट चोकपॉइंट्स में से एक, होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने के समर्थन में मतदान किया. हालांकि, इस स्ट्रेट को बंद करने का कोई भी अंतिम निर्णय ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद पर निर्भर करता है.

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. श्यामा....**

सुदृढ़ सूत्र में पिरोया। श्री साय ने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना के माध्यम से डॉ. मुखर्जी ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया, जिसने देश को राष्ट्रीय हित में सोचने और कार्य करने की नई दृष्टि प्रदान की। उनके विचार आज भी हमारी लोकतांत्रिक चेतना को दिशा देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रसेवा आजीवन साधना और तपस्या है। उनका समर्पण और उच्च आदर्श आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए दृढ़संकल्पित हैं।

## रोड शो में कार ने कार्यकर्ता को कुचला, आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन पर एफआईआर

नई दिल्ली। आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी मुश्किल में फंस गए हैं। गुंटूर पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी पर हिट एंड रन केस में एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर में कार ड्राइवर रमन्ना रेड्डी, रेड्डी के पीए नागेश्वर रेड्डी, पूर्व सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी, पूर्व विधायक पेरनी नानी और पूर्व मंत्री विदादला रजिनी का भी नाम है। पुलिस रमाना रेड्डी से पूछताछ कर रही है। बुधवार (18 जून) को पूर्व मुख्यमंत्री जगन पार्टी के एक कार्यकर्ता के परिवार से मिलने पालनाडु जिले के रेंटापल्ला गांव जा रहे थे। जगन मोहन उसी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। काफिला एतुकुरु बायपास से गुजर रहा था। रोड शो के दौरान पूर्व सीएम की कार ने कार्यकर्ता 53 साल के चीली सिंघैया कुचल दिया था। हादसे के बाद चीली को अस्पताल लेकर गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# कमला कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिखा उत्साह, छात्राओं ने सीखा योग के माध्यम से जीवन संतुलन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राएँ ने भाग लिया। कार्यक्रम के संचालन करते हुए क्रीड़ाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। इस उद्देश्य को ध्यान रखते हुए डॉ. नीता एस. नायर ने अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। महर्षि पंतजलि द्वारा अष्टांग योग जिसके अंतर्गत यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, साधना, ध्यान एवं समाधि आते है। हम सभी आसन एवं प्राणायाम को ही योग समझते है, जबकि योग का अभ्यास करने वाले व्यक्ति को अपने व्यवहार एवं आहार में संयम रखनी चाहिए एवं स्वस्थ्य रहने के लिए योग के नियमित अभ्यास की सलाह दी।

कार्यक्रम के प्रारंभ के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा योग की महत्ता पर प्रकाश डाला गया तथा सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी गई। योग प्रशिक्षक खिलेन्द्र कुमार सोनी ने शासन द्वारा जारी योगाभ्यास कम (प्रोटोकॉल) के अनुसार विभिन्न आसन जिसके अंतर्गत वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचकासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शाशकासन, शवासन एवं प्राणायाम के अंतर्गत कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, शीतली प्राणायाम आदि कराया एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव ने भी छात्राओं को योग करने हेतु प्रेरित किया एवं स्मरणशक्ति बढ़ाने हेतु विभिन्न आसन एवं प्राणायाम सिखाया।

## विश्वविद्यालय में घटने वाले व नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या वृद्धि को लेकर कुलपति ने अधिष्ठाताओं की ली बैठक

खैरागढ़. (दावा)। नया शिक्षण सत्र 2025-26 प्रारंभ होने के बाद विश्वविद्यालय में घटने वाले व नए सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि तथा शोधात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये कुलपति महोदया प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने अधिष्ठाताओं सहित प्राध्यापकों की बैठक ली। बैठक में कुलपति ने विगत वर्षों में विद्यार्थियों की घटती संख्या को देखते हुये अधिष्ठाताओं को निर्देशित करते हुये कहा कि नये सत्र में पिछले वर्ष की तुलना में विद्यार्थियों की संख्या में 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी होनी चाहिए। इसके लिये किसी भी तरह की आवश्यकताएं होंगी तो उसकी पूर्ति की जायेगी। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में शोधात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डी.लिट्. एवं पीएच.डी. करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों के लिये पूर्व में जारी अधिसूचना जिसमें 10 जून 2025 तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी उसमें वृद्धि करते हुये आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 तक की गई है। कुलपति के इस पहल से शोध करने से वंचित अभ्यर्थियों को एक अवसर मिल रहा है जिससे वे शोध के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर डी.लिट्. एवं पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर सके। इच्छुक अभ्यर्थी इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर अपना फॉर्म भर सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने किया योग

हरदी (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग का विशाल आयोजन किया गया। जिसमें बहुत अधिक संख्या में वि

द्यार्थी, शिक्षक, पालक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। विशेष रूप से किशोरी साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा, विवेक वैष्णव मंडल अध्यक्ष देवरी, रमेश सोनवानी उपाध्यक्ष किसान मोर्चा जिला बालोद, टूमन साहू जनपद पंचायत सदस्य, दुलारी देवांगन जनपद सदस्य डौंडीलोहारा, शिव धर्मगुडे मछली बोर्ड के प्रदेश मंत्री, रामप्रताप व राम लाल नायक उपाध्यक्ष मंडल देवरी, उत्तम साहू पूर्व सरपंच टटेंगा, पोषण देवांगन पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष, शुभम देवांगन मंत्री भाजयुमो जिला बालोद, शेखर उर्वशा अध्यक्ष एस एम डी सी प्रा शा टटेंगा, जागेश्वर, देवेंद्र, पुरुषोत्तम उर्वशा विधायक प्रतिनिधि, पुरुषोत्तम वासनिक, रीखी राम साहू, सरपंच टटेंगा दीप्ति साहू, इंद्राणी हिरवानी, ममता साहू, प्राचार्य आरके देवांगन, पू. मा. शाला प्रधानपाठक डीके मोहनमाला और प्रा शा प्रधान पाठक लिखन राम सरपा, संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन के साथ पूरा स्टाफ शामिल हुआ।



इस दौरान हर्षा देवांगन एवं मोहनमाला के द्वारा विभिन्न योगाभ्यास जिसमें ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, त्रिकोणासन, वज्रासन, मकरासन, वृक्षासन, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम का अभ्यास कराए गए। व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि अंत में शाला विकास समिति के अध्यक्ष टुमन साहू ने योग दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी और कहा कि योग का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। योग का अर्थ होता है,जोड़। योग से व्यक्ति अपनी सारी इंद्रियों को अपने वश में कर लेता है अर्थात अपनी आत्मा से जोड़ लेता है, तो उसे परमानन्द की प्राप्ति होती है। वह मन वचन कर्म से पवित्र हो जाता है। अंत में उन्होंने सभी के लिए सुख शान्ति की कामना की।

प्राचार्य आरके देवांगन ने कहा कि योग का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। योग से व्यक्ति अपनी सारी इंद्रियों को अपने वश में कर लेता है अर्थात अपनी आत्मा से जोड़ लेता है, तो उसे परमानन्द की प्राप्ति होती। कुछ विद्वान वैदिक मंत्रों की रचना में योग के सतत अभ्यास की भूमिका की भी बात कहते हैं।

## महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में भारतीय न्याय संहिता 2023 के संबंध में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रम न्यायालय अमित जिंदल ने आज 20 जून को महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित लोगों को कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 74 के तहत महिला का लज्जा भंग करने के आशय से या यह संभाव्य जानते हुए कि ऐसा करके कोई व्यक्ति महिला की लज्जा भंग करेगा उस महिला पर आपराधिक बल का प्रयोग करता है, तो ऐसा करने वाले व्यक्ति को कम से कम एक वर्ष की सजा होगी जो कि पांच वर्ष तक की हो सकेगी।



श्री जिंदल ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 78 के अनुसार यदि कोई पुरुष जो किसी महिला का उससे व्यक्तिगत अन्योन्यक्रिया को आगे बढाने के लिए, उस महिला द्वारा स्पष्ट रूप से अनिच्छा उपदर्शित किए जाने के बावजूद, बार-बार पीछा करता है और संस्पर्श करता है या संस्पर्श करने का प्रयत्न करता है या जो कोई किसी महिला द्वारा इंटरनेट, ई-मेल या किसी अन्य प्रारूप की इलेक्ट्रानिक संसूचना का प्रयोग किए जाने को मानीटर करता है, पीछा करने का अपराध करता है तो प्रथम दोष सिद्धि पर तीन वर्ष तक के कारावास के लिए दण्डित हो सकता है तथा ऐसा अपराध दूसरी बार करने पर पांच वर्ष तक के कारावास के लिए दण्डित हो सकता है। श्री जिंदल ने यह भी बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 के अनुसार यदि कोई किसी महिला की लज्जा का अनादर करने के आशय से कोई शब्द, कहेगा, कोई ध्वनि या अंगविक्षेप करेगा, या कोई वस्तु प्रदर्शित करेगा, इस आशय से कि ऐसी महिला द्वारा ऐसा शब्द या ध्वनि सुनी जाए, या ऐसा अंगविक्षेप या वस्तु देखी जाए या ऐसी महिला की एकान्तता का अतिक्रमण करेगा, वह तीन वर्ष के साधारण कारावास के साथ साथ जुर्माने से भी दण्डित हो सकता है।

# अपनी ताकत बढ़ाएगी कांग्रेस, अब हर माह होगी नियमित बैठक

राजनांदगांव(दावा)। पिछले पंचवर्षीय में प्रदेश की सत्ता में सफलता पूर्वक राज करने वाली कांग्रेस अब विपक्ष में अल्पमत में रहते हुए भी प्रदेश की स्पष्ट बहुमत वाली भाजपा सरकार को आईना दिखाने अपनी ताकत बढ़ाएगी। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ग्रामीण व शहर कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी की नियमित बैठक हर माह होगी। अगर लगातार तीन बैठक में कोई पदाधिकारी अनुपस्थित पाया जाता है तो उनके विरुद्ध संगठन कड़ी कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पत्र के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने शुक्रवार को 11 से 2:30 बजे तक सतनाम भवन में संगठन की बैठक आहूत की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि मासिक बैठक में आगामी गतिविधियों में धरना प्रदर्शन आंदोलन की विस्तृत जानकारी और आगामी हर माह की मासिक बैठक 20 तारीख के बाद शुरू होगी। मासिक बैठक में लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर जिला पदाधिकारी को पृथक करें नया सक्रिय और ऊर्जावान पदाधिकारी को मौका दिया जाएगा। संगठन जनप्रतिनिधियों के इशारे पर काम नहीं करेगा ब्लाक कांग्रेस कमेटी में भी आयोजन होगा। उसमें वरिष्ठ जनों का सम्मान करते हुए आमंत्रित किया जाएगा जिला प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार गतिविधियां संचालित होगा जनप्रतिनिधियों का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं होगा।



**सतनाम भवन में बैठक आयोजित पीसीसी को भेजी जाएगी हर माह की बैठक रिपोर्ट**

श्री साहू ने आगे कहा कि प्रदेश में किसान अब खरीफ फसल की बुआई/किसानी कार्य की तैयारी प्रारंभ कर रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा किसानों को खाद-बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित किया जाना था, किन्तु सहकारी समितियों में आज किसानों को खाद-बीज की अनुपलब्धता से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खाद-बीज अनुपलब्धता को लेकर किसानों को होने वाली समस्या को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने 25 से 30 जून के मध्य जिले के अंतर्गत आने वाले सभी सहकारी समितियों में एक दिवसीय धरना/प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया है। एक दिवसीय धरना/प्रदर्शन के तहत खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु मांग किया जाएगा। जिसमें मोर्चा संगठन-प्रकोष्ठ-विभाग के साथ विशेषरूप से किसान कांग्रेस व स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन/प्रकोष्ठ, विभाग के जिला/ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकाय, त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों व आम किसानों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करते हुए उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि अंतर्गत एक-दिवसीय धरना, प्रदर्शन का आयोजन किया जायेगा।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, किशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, पदम सिंह कोठारी, पंकज बांधव, महेंद्र यादव, वीरेंद्र बोरकर, रमेश खंडेलवाल, अगेश्वर देशमुख, अजय मारकंडे, संध्या साहू, उर्मिला साहू, विष्णु लोधी, थानेश्वर पाटीला, चुम्मन साहू, राहुल तिवारी, विक्की पटेल, रोहित सोनकर, धीरज मेश्राम, वीरेंद्र बोरकर, अनिल मेश्राम, प्रकाश ठाकुर, तुल दास साहू, बलिराम साहू, ओमप्रकाश साहू, डोमार साहू, रमाकांत साहू, भोजराम साहू, दिलीप चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्षगण रितेश जैन, विजय राज सिंह चौहान, रतन यादव, अब्दुल खान, रोहित चंद्राकर, हीरा सोनी, सहित कांग्रेस अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# महापौर ने मोहारा जल संयंत्रगृह का जायजा लेकर बारिश के पूर्व आवश्यक व्यवस्था करने तथा टंकी सफाई के दिए निर्देश




**नये पार्षदों ने जल शोधन प्रक्रिया देखी**

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने मोहारा जल संयंत्रगृह का पार्षदो के साथ निरीक्षण कर बारिश के पूर्व सभी पंप दुरूस्त कर आवश्यक समाग्री का पर्याप्त भण्डारण के निर्देश दिए। मोहारा के 10, 17 एवं 27 एमएलडी प्लांट का नये पार्षदों ने निरीक्षण कर जल शोधन प्रक्रिया देखी। महापौर श्री यादव मोहारा जल संयंत्रगृह के तीनो प्लांटों का क्रमशः निरीक्षण कर कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी लिये, उन्होंने कहा कि वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुये एलम, ब्लीचिंग तथा क्लोरिन गैस व अन्य आवश्यक सामाग्री का पर्याप्त भंडारण रखे, मशीन आदि को दुरूस्त रखें, अतिरिक्त मोटर भी रखें ताकि खराब होने की स्थिति में बदला जा सकें। उन्होंने 27 एमएलडी प्लांट में लगे नये मोटर को जल्द चालू करने कहा जिससे पानी सप्लाई बढेगी, जिससे आम जनता को सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा सकें। उन्होनें कहा कि अत्याधिक बारिश से बाढ की स्थिति निर्मित होती है, जिसे ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि पेयजल सप्लाई प्रभावित न हो, उन्होंने बारिश के पूर्व सभी पानी टंकीयो की सफाई करने के भी निर्देश दिए। महापौर श्री यादव के साथ कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, निगम अध्यक्ष पारस वर्मा एवं पार्षदों ने जल शोधन की प्रक्रिया देखी। जलशोधन प्रक्रिया के संबंध में जल प्रभारी अधिकारी व कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके ने विस्तार से जलशोधन की जानकारी देते हुये बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर प्रतिदिन 54 मीलियन लीटर पानी क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 14 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। पर्षादो ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लेब का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जॉच कर जानकारी लिये। नये पार्षदों ने प्रक्रिया देखने के पश्चात प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि बहुत कठिन प्रक्रिया से गुजरकर लोगों को शुद्ध पानी पिलाया जाता है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार पानी का उपयोग करने, पानी का अपव्यय रोकने वार्डवासियों को समझाईस दी जायेगी।

## सावरकर सम्मान यात्रा के दौरान अभिनव भारत पार्टी की बैठक आयोजित



**शुक्ल बने छग प्रदेश संयोजक**

राजनांदगांव (दावा)। अभिनव भारत पार्टी की सावरकर सम्मान यात्रा के रायपुर आगमन पर एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन शर्मा एवं राष्ट्रीय महामंत्री ममता झा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति पर व्यापक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान रायपुर निवासी प्रकाश नारायण शुक्ल (बाबा) को अभिनव भारत पार्टी का छग प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया। यह निर्णय गहन विचार-विमर्श एवं कार्यकर्ताओं की सर्वसम्मति के बाद लिया गया। पार्टी अध्यक्ष चेतन शर्मा ने श्री शुक्ल को शीघ्र ही प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को जमीनी स्तर तक विस्तार देने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि सावरकर विचारधारा पर आधारित अभिनव भारत पार्टी राष्ट्र निर्माण में एक सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत कर आने वाले समय में हर पंचायतए ब्लॉक और जिले तक पार्टी की पहुंच बनाने की योजना है। बैठक में शामिल छग के कार्यकर्ताओं ने प्रकाश नारायण शुक्ल के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताते हुए हर्ष व्यक्त किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रदेश संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जोरातराई में 26 एवं 27 जून को



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम जोरातराई में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 26 एवं 27 जून को रखा गया है। जिसमें आप सभी रामभक्त सादर आमंत्रित है।

कार्यक्रम के उपाध्यक्ष टाकेश सिन्हा ने बताया कि दिनांक 26 जून 2025, गुरूवार (सुबह 8.00 बजे) कलश यात्रा वेदी स्थापना, वेदी निर्माण, पुष्पा धिवास, जलधिवास, फल धिवास, अन्नाधिवास दिनांक 27 जून 2025, शुक्रवार मूर्ति स्नान, सर्व वेदी पूजा, मूर्ति स्थापना, प्राण प्रतिष्ठा, ध्वज शिखर, पूजा घंटा पूजा, मंदिर स्थापना, समय - शाम 4.00 बजे- हवन आहुति शाम 6.30 बजे- भंडारा प्रसादी शाम 7.00 बजे - संगम मानस परिवार, बल्देवपुर (खैरागढ़) का कार्यक्रम स्थान स्कूल के पास, जोरातराई, बोरी में रखा गया है।

कार्यक्रम के पदाधिकारीगण में अध्यक्ष मनीष सिन्हा, उपाध्यक्ष टाकेश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, सहसचिव तुलाराम देवांगन, कोषाध्यक्ष नीलकंठ साहू, सहकोषाध्यक्ष राम्हू सिन्हा, संरक्षक अरुण कुमार साहू, फकीरा देवांगन, कार्यक्रम के सदस्यगण डॉ. लखन साहू, रूपेन्द्र साहू, राजेश साहू, मुन्ना सिन्हा, हिरामन साहू, टिलेश्वर साहू मन्नू यादव, आत्मा सिन्हा, सूरज साहू, प्रभु राम साहू, महेन्द्र साहू, प्रेमसुख देवांगन, संजय सिन्हा, वाशुदेव साहू, अशोक सिन्हा, अजय सिन्हा, शैलेन्द्र यादव, राहुल सिन्हा, - चेतन सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, नेमचंद सिन्हा, दिपक साहू, मुकेश सिन्हा, पिन्टू सिन्हा सहित समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहेंगे।

# योग को जीवन शैली में शामिल करें-गुरु खुशवंत साहेब

मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय के माडिंगपिडिंग स्थित पुलिस लाईन में आज 11 वें विश्व योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने इस अवसर पर सभी साधकों को योगा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति रही है। भारतीय पुरातन विरासत और धरोहर को संजोए रखने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना से आज विश्व के 177 देशों में योगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमें योग को दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए। योग को दैनिक जीवन शैली में शामिल कर स्वस्थ्य जीवन यापन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। नियमित योग करने से संतुलित जीवन यापन करने का रास्ता खुलता है। योग करने से शारीरिक मानसिक एकाग्रता बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज योग से विश्व में भारत की अलग पहचान स्थापित हुआ है।

इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल पाल सिंह, वनमण्डलाधिकारी दिनेश पटेल, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति भारती चंद्राकर, अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों स्कूली छात्र छात्राओं प्रबुद्ध नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस अवसर पर योगा संकल्प, नशा मुक्ति एवं जल संरक्षण की शपथ लिया गया। योगा दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने पुलिस परेड मैदान में पौधारोपण किया। धरती आबा योजनांतर्गत स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता व सद्भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर सभी साधकों को आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। जिला योगा समन्वयक उमाशंकर तिवारी, विकासखंड योगा समन्वयक वेद प्रकाश भुआर्य, पतंजलि योगाचार्य पंचशील विश्वकर्मा ने कार्यक्रम में योगाभ्यास कराया।



**मोहला में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों, प्रबुद्ध नागरिकों, स्कूली छात्र छात्राओं ने उत्साह से किया योगासन योग संकल्प, नशा मुक्ति एवं जल जागरूकता की ली गई शपथ**

### योगाभ्यास की विभिन्न विशेषताओं से नागरिकों को कराया गया परिचित

ओम की मंगल ध्वनि के साथ योग सत्र, योग संगम प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि योग-प्राणायाम ध्यान की त्रिवेणी है। योग प्रशिक्षक ने बताया कि योग शरीर को तथा प्राणायाम मन एवं बुद्धि को मजबूत बनाते हैं। योग अंतर्गत शिथलीकरण की प्रक्रिया, कड़ी संचालन, गर्दन के लिए योगाभ्यास सिखाया गया। जो सर्वाइकल स्पांडिलाइटिस की बीमारी के लिए फायदेमंद है। नागरिकों को वृक्षासन कराया गया। वृक्षासन मानसिक तनाव दूर करने में उपयोगी है। वृक्षासन से शरीर का संतुलन बना रहता है। वृक्ष की तरह प्रणाम की मुद्रा में आसन करना होता है। त्रिकोणासन कराया गया। साथ ही यह जानकारी दी गई की यह मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। भद्रासन से पैरों की मांसपेशियां तथा घुटने मजबूत बनते हैं। वज्रासन से पेट की तकलीफ, मानसिक तनाव दूर होता है। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि वज्रासन स्ट्रेस मैनेजमेंट के लिए कार्य करता है। वक्रासन डायबिटीज की बीमारी के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर मकरासन, सेतुबंध आसन, पवनमुक्तासन किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि ज्ञानमुद्रा से जोड़ों का दर्द दूर होता है। कपालभाति प्राणायाम मास्टर प्राणायाम है, जिससे 99 प्रतिशत बीमारियां दूर होती है। कपालभाति प्राणायाम से शरीर की प्रत्येक कोशिका में ऑक्सीजन की आपूर्ति होती है। इस आसन से तनाव दूर होता है तथा स्वस्थ होने की अनुभूति होती है। योग करने से शरीर की नकारात्मकता दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इससे शुगर, ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां दूर होती हैं। मास्टर प्राणायाम अनुलोम-विलोम प्राणायाम से शरीर में शक्ति जाग्रत होती है और विभिन्न तरह की व्याधियां दूर होती हैं। इसके साथ ही निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है। इस प्राणायाम से एकाग्रता एवं जीवन शक्ति बढ़ती है तथा तनाव कम होता है। शिथलीकरण प्राणायाम से मस्तिष्क को शीतलता मिलती है तथा इससे रोगप्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

## छात्र युवा मंच रक्तवीर संगठन ने जर्जर जिला स्वास्थ्य विभाग भवन को सुविधाजनक बनाने सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। जिले की प्रमुख सामाजिक संस्था छात्र युवा मंच रक्तवीर संगठन ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सुविधाजनक बनाने के लिए आज खास पहल करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया।

संगठन ने अपने मांग पत्र में जर्जर हो चुके जिला स्वास्थ्य विभाग भवन को जिला चिकित्सालय स्थित भवन मे संचालित करने की मांग की। जिससे जिला स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ व अटैच चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी जिला हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों का इलाज कर सके और स्वास्थ्य विभाग से जिला हॉस्पिटल में आदेश, जानकारी के आदान-प्रदान में होने वाले समय की भी बचत होगी।

आयुष्मान कार्ड से भुगतान हो, ब्लड जांच का शुल्क व व्यवस्था में सुधार, राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के शासकीय व निजी ब्लड बैंकों के लिए ब्लड प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित की गई है। जिसमे शासकीय ब्लड बैंक के लिए 1150 व निजी ब्लड बैंक के लिए 1550 निर्धारित हैं। जिसे आयुष्मान कार्ड में जारी करने की मांग की गई।

# कलेक्टर ने मेसर्स ओरिएंट इस्पात प्रा.लि. एवं पीएस स्टील ट्यूब्स प्रा. लि. को जल प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने के कारण उद्योगों को तुरंत बंद करने के दिए निर्देश

### अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र ठीक चालू नहीं पाया गया, अपशिष्ट जल तालाब के पानी में मिलकर जल प्रदूषण का कारण बना

### दोनों उद्योगों को दी जाने वाली बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद करने दिए निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर आज ग्राम इंदावानी जलाशय में जल प्रदूषण के कारण मछलियों की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सुरक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, पर्यावरण विभाग, उद्योग विभाग व मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मृत मछलियां जलाशय के किनारे देखी गई। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा सौंपे गए रिपोर्ट के अनुसार कलेक्टर ने मेसर्स ओरिएंट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी एवं पीएस स्टील ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी को जल प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम तथा वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने के कारण दोनों उद्योग को तुरंत बंद करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मेसर्स ओरिएंट इस्पात प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र ठीक चालू नहीं पाया गया, अपशिष्ट जल फैक्ट्री परिसर के बाहर छोड़ा गया तथा पास के क्षेत्र में स्थित तालाब के पानी में मिलकर जल प्रदूषण का कारण बना। इससे पता चलता है कि उद्योग द्वारा प्रदूषित पानी नहीं जाना चाहिए था एवं शून्य डिस्चार्ज की स्थिति को नहीं बना कर रखा गया। वहीं औद्योगिक परिसर के पीछे स्थित एक गड्ढे में बड़ी मात्रा में फैक्ट्री का अपशिष्ट संग्रहित पाया गया। जिससे आस-पास के क्षेत्रों में जल प्रदूषण हो रहा था। हाउस कीपिंग की स्थिति भी संतोष जनक नहीं पायी गई। पीएस स्टील ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड ग्राम टेड़ेसरा पोस्ट सोमनी के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र ठीक चालू नहीं पाया गया, अपशिष्ट जल फैक्ट्री परिसर के बाहर छोड़ा गया तथा पास के क्षेत्र में स्थित तालाब के पानी में मिलकर जल प्रदूषण का कारण बना। इससे पता चलता है कि उद्योग द्वारा प्रदूषित पानी नहीं जाना चाहिए था एवं शून्य डिस्चार्ज की स्थिति को नहीं बना कर रखा गया। हाउस कीपिंग की स्थिति भी संतोष जनक नहीं पायी गई। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा सौंपे गए प्रतिवेदन के आधार पर दोनों औद्योगिक संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए गए है। संबंधित विभागों को दोनों उद्योगों को दी जाने वाली बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद करने निर्देश दिए गए है। उद्योगों को इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों का पालन करने में विफल होने पर जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल डॉ. अनिता सांवत, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग निलेश रामटेके, इंडस्ट्री हेल्थ एवं सेफ्टी डीपी मास्कोले, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सानू वी. वर्गीश, सहायक संचालक मत्स्य विभाग सुदेश कुमार साहू एवं राजस्व विभाग से गंगाधर, नायब तहसीलदार राजनांदगांव उपस्थित थे और मौके पर जांच का पंचनामा तैयार किया गया।

# युवाओं को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन को पढ़कर आत्मसात करना चाहिए- अभिषेक सिंह



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के महान राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद् थे और बहुत बड़े विचारक थे। वह पहले के जनसंघ और आज की भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक थे।

अभिषेक सिंह ने कहा कि जब नेहरू जी ने कश्मीर में धारा 370 लगाई थी तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका पुरजोर विरोध किया, उनका नारा था कि जब देश एक है, भारतवर्ष एक है तो एक देश में दो प्रधान दो विधान और दो झंडा कैसे हो सकता है, धारा 370 लगाने के बाद कश्मीर अपने को भारत से अलग बताता था। अपना अलग प्रधानमंत्री बनाकर, अलग झंडा लगाकर और अलग से विधानसभा बनाकर अपने को भारत से अलग करता था। उनकी पुण्यतिथि 23 जून को हर साल भाजपा बलिदान दिवस के रूप में मनाती आ रही है। श्री सिंह ने कहा कि उनकी विचारधारा में राष्ट्र प्रेम सबसे पहले था, वर्तमान परिस्थितियों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान बहुत ज्यादा मायने रखता है। युवाओं से उन्होंने हमेशा आह्वान किया कि हमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी को और उनके विचारों को अच्छे से जानना और पढ़ना चाहिए और जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत श्रम मंडल के चेयरमैन योगेशदत्त मिश्रा, अकरम कुरैशी, कार्यक्रम प्रभारी किशुन यदु, तरुण लहरवानी, त्रिगुण टांक, अरुण शुक्ला, मंडल अध्यक्ष द्वय प्रशांत गुप्ता गोलू, सुमीत सिंह भाटिया, राजेश गुप्ता अग्रहरि, इरफान शेख, विट्ठल पटेल, संजय लोहिया, मधु बैद, गिन्नी चावला, दामू भूतड़ा, पार्षद चंद्रशेखर लश्करे, आकाश चोपड़ा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, अनिल ठक्कर, सुरेंद्र सिंह राजपूत, अरविंद यादव, दुर्गेश यादव, चिंटू खान, अनुराग चौरसिया, आशीष जैन, प्रवीण शुक्ला, अरविंद बैद, आशीष सिन्हा, अंकित देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पैकेजिंग फूड के लिए जा रहे सैंपल, दुकानदारों में हड़कंप

### पैकेजिंग फूड सैंपल लेकर जांच हेतु भेजे गए राजस्थान लैब

### कृषि विभाग भी कृषि केंद्रों में दे रहे दबिश




राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में इन दिनों खाद्य सुरक्षा विभाग व कृषि विभाग की सक्रियता देखते ही बन रही है। खाद्य विभाग जहां जिले भर के अलग-अलग जगहों में घूम- घूम कर दुकानों से पैकेजिंग फूड के सैंपल लिए जा रहा हैं वहीं कृषि विभाग के अधिकारी शहर सहित जिले भर के कृषि केंद्रो में दबिश देकर बिना लायसेंस कीट नाशक दवा बेचते पाए जाने पर सीधे उनकी दुकानें सील सील कर दे रहे है। इससे दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।

बता दें कि जिले में स्थानीय स्तर पर बनने वाले खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता ही नहीं बल्कि उनके पैकेजिंग में रहने के बाद उक्त खाद्य सामग्री में पड़ने वाले असर को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग विशेष अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत भर के दुकानें, प्रोविजन स्टोर्स आदि से उक्त पैकेजिंग फूड के सैंपल एकत्रित किए हैं और उसकी जांच के लिए राजस्थान स्थित लैब में भेजे जा रहे हैं।

खाद्य अधिकारियों का इस संबंध में कहना है कि लोकल स्तर पर होने वाले उत्पाद (मैन्युफैक्चरिंग) जैसे परफ्यूम, बाटल, कैंप पैकेजिंग के लिए विशेष तौर पर पैकेजिंग लैब भेजे जा रहे हैं ताकि यह देखा जा सके कि वर्तमान में इन खाद्य सामग्रियों पर पैकेजिंग के बाद क्या प्रभाव पड़ता है।

### बिना लायसेंस दवा बेचने वाले कृषि केंद्र सील

इधर कृषि विभाग के अधिकारियों की कीटनाशक दवाईयां बेचने वाले कृषि केंद्रों पर वक्र दृष्टि बनी हुई है। अफसर जिले भर के कृषि केंद्रो में दबिश देकर दवाईयों की जांच कर रहे हैं और अनियमितता व बिना लायसेंस दवाईयां बेचने जाने पर कार्रवाई करते हुए सीधे दुकानें सील कर दी जा रही है। अधिकारियों ने इस कार्रवाई के तहत बिना लायसेंस 14 प्रकार की दवा बेच रहे कृषि केंद्रो को सील किया है।

बता दें कि कृषि विभाग शासन के द्वारा निर्धारित मूल्य पर कृषि सामग्री, बीज, उर्वरक एवं कीट नाशकों की किसानों को उपलब्धता तय की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित कृषि केंद्र एवं फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के बसंतपुर स्थित सुजल कृषि कृषि केंद्र में लायसेंस अधिनियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई। कृषि विभाग के उप- संचालक नागेश्वर लाल पांडे के अनुसार उक्त दबिश कार्रवाई में 10 प्रकार की दवा बेचने का मामला सामने आया है। जिस पर उनके टीम के अफसरों द्वारा कार्रवाई की गई है।

बताया जाता है कि इन कृषि केंद्रों में निर्धारित दवाओं के अलावा 14 प्रकार की कृषि दवाओं का विक्रय किया जा रहा था जो कि बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983, आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा-3, कीटनाशक अधिनियम 1963 एवं 1971 की धारा -13 में निहित प्रावधानों के तहत नियम विपरीत है। बताते चलें कि मानसून के आगमन के साथ खरीफ 2025 में किसानों द्वारा फसल बोनी का कार्य किया जा रहा है। ज्यादा उत्पादन देने वाली फसल के किस्मों के बीजों की सहकारी एवं निजी संस्थाओं के द्वारा तेजी से विक्रय किया जा रहा है। इस पर नजर रखने व बिना लायसेंस के उक्त दवाएं बेचने वाले कृषि केन्द्रों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा।

# म्यूल अकाउंट खाताधारकों पर कार्यवाही में शहर के एक युवा भी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**दो खाताधारकों को थाना बसंतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार**

राजनांदगांव(दावा)। बसंतपुर पुलिस ने म्यूल अकाउंट खाता धारकों पर कार्रवाई की है। इसमें शहर के एक युवा भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है वहीं दूसरी म्यूल अकाउंट धारक पिनकापार थाना डोंगरगांव का बताया जाता है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि उक्त खाताधारक अपने बैंक खाता को किराये पर देने, कमीशन पर देने और बेचने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि अब म्यूल एकाउट प्रोवाईडर के साथ साथ खाता धारकों पर भी कार्यवाही की जाएगी। थाना प्रभारी श्री साहू ने आरोपी का नाम लोकेन्द्र बंजारे पिता उमेन्द्र दास बंजारे उम्र 30 साल निवासी ग्राम पिनकापार थाना डोंगरगांव व दिगन्त अवस्थी उर्फ लाला पिता स्व. शशीकांत अवस्थी उम्र 37 साल निवासी आजाद चौक गौशालापारा बताया है। स्वर्गीय शशिकांत अवस्थी का यह पुत्र फिलहाल बीटीआई रोड डोंगरगांव बक्शी का मकान थाना डोंगरगांव में निवास करता है।

घटना के संबंध में श्री साहू ने बताया कि पुलिस मुख्यालय रायपुर का ईमेल आईडी से प्राप्त ईमेल के अवलोकन पर पाया कि एक्सीस बैंक के खाता धारको के द्वारा छल पूर्वक एवं सायबर अपराध से प्राप्त धोखाधड़ी से प्राप्त कुल धनराशि 7,77,599.00 रूपये राशि को छुपाने एवं उपयोग किया गया है रिपोर्ट पर अपराध धारा 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) भारतीय न्याय संहिता का घटित पाये जाने से अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी तौहिद खान पिता हफीज खान उम्र 25 साल निवासी तुमडीबोड पुलिस चौकी तुमडीबोड, को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया। प्रकरण के खाता धारक लोकेन्द्र बंजारे पिता उमेन्द्र दास बंजारे ग्राम पिनकापार का पता तलाश किया गया। जिसके तहत पूर्व में गिरफ्तार आरोपी तौहिद खान के कथन के आधार पर दिगन्त अवस्थी उर्फ लाला पिता स्व. शशीकांत अवस्थी को 23 जून सोमवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ के दौरान पायें गये तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में सक्रिय म्यूल एकाउंट प्रोव्हाईड करना पाया गया.गिरफ्तार दोनों आरोपीयों को न्यायालय पेश किया गया जहां जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया.

इस कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित उप निरीक्षक नरेश सार्वा, सउनि. जीवराज रावटे, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू एवं अन्य स्टाफ की अहम भूमिका रही।

# महापौर मधुसूदन यादव ने कोरोना से बचने सावधानी बरतने, कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करने नागरिकों से की अपील



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव ने शहर में कोविड-19 से संक्रमित मरीजो की संख्या बढ़ते तथा दो मरीजो की मृत्यु पर चिंता व्यक्त करते हुए नागरिकों से कोरोना वायरस संक्रमण से बचने सावधानी बरतकर कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि कोरोना वायरस हमारे देश सहित प्रदेश और शहर में पुनः पैर पसार रहा है। हमारे शहर में ही कोविड-19 से संक्रमित मरीज की संख्या 6 हो गयी है तथा 2 मरीजो की मृत्यु भी हो गयी है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से हमें घबराना नहीं है, बल्कि सावधानी बरतनी है। सर्दी, खासी, बुखार होने की स्थिति में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर जॉच कराना है। कोरोना की संभावना पर जॉच के लिए शासकीय मेडिकल कालेज पेण्ड्री एवं शासकीय जिला चिकित्सालय में सम्पर्क करना है। उन्होने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए भीड भाड वाले स्थल पर मास्क लगाना है, घर से बाहर निकलने से पहले सेनेटाईज करना है। इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के निकट सम्पर्क में आने से बचना है, नियमित रूप से दिन में कई बार हाथों को हैण्डवास, साबुन एवं साफ पानी से धोना है। संक्रमित समाग्रीयों के सम्पर्क में आने के बाद बिना हाथ धोये अपनी ऑख, नाक एवं मुह को नहीं छुना है। धैर्य रखकर सावधानी बरत कर, सुरक्षित रहकर ही हम इस कोरोना वायरस से लड सकते है। महापौर श्री यादव ने संक्रामक एवं वर्षाजनित बीमारी को ध्यान में रखकर निगम के स्वास्थ्य अमला से भी कहा है कि शहर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था रखे, नालियों, गलियों, कुॅओ, हैण्ड पंपों आदि के आस पास ब्लीचिंग पावडर का छिडकाव कराये, बारिश का पानी गढ्ढों में भरने की स्थिति में कच्ची नाली खोदकर पानी की निकासी करावे।

**आवश्यकता है**

प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

# डॉ. रमन सिंह ने निर्माण कार्यो हेतु 7.43 करोड रु. स्वीकृत कराए



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और अनुशंसा तथा स्वीकृत कराने का कार्य कर रहे हैं, जिसके कारण राजनांदगांव की तस्वीर अब बदलने लगी है।

इसी कड़ी में आज डॉक्टर रमन सिंह के प्रयासों के कारण राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजनांदगांव विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के शेड निर्माण, नाली, सीसी रोड, डेम, आहता, सामुदायिक भवन निर्माण इत्यादि कार्यों के लिए 117 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की, जिसके तहत 7 करोड़ 43 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इन आवश्यक कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है और सभी ने डॉ. रमन सिंह एवं टंकराम वर्मा का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में जिला भाजपा वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, भरत वर्मा, रामजी भारती, जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, महामंत्री सौरव कोठारी, रविंद्र वैष्णव, राजेंद्र गोलछा, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, मनोज साहू, खिलेश्वर साहू, कृष्णा तिवारी, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता सहित सभी कार्यकर्ताओं ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं डॉ. रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है।

# शहर में दो और मिले कोरोना पाज़ीटिव केस, लोगों में बढ़ी दहशत

राजनांदगांव (दावा)। कोरोना महामारी एक बार फिर जिले में पैर पसारने लगी है। दो दिन पूर्व कन्हारपुरी निवासी 55 वर्षीय बुजुर्ग में कोरोना के लक्षण पाए जाने से उसे विशेष कक्ष आइसीयू में रखा गया। अब इसके बाद शहर में दो और केस मिलने की जानकारी मिलते ही लोगों में दहशत का माहौल बन गया है।

कोविड-19 से डरें हुए लोग अब फिर से इसकी आमद होने से घबराने लगे हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा लोगों को ज्यादा पैनिक होने की जरूरत नहीं कही है क्योंकि इस संक्रामक रोग से निपटने के लिए पूरी व्यवस्था कर ली गई है। वहीं प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर के वार्डो का दौरा कर इसका निरीक्षण व परीक्षण में जुटी हुई है। इस दौरान लखोली वार्ड में गोठान के पास एक व्यक्ति में कोरोना के लक्षण पाए जाने से उसे क्वारंटाईन किए जाने की बात सामने आ रही है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में 30 बेड के आईसीयू कोविड वार्ड में कोविड पाज़ीटिव मैरिज का इलाज किया जा रहा है। शनिवार को दूसरे मरीज को गंभीर होने पर उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। संपर्क में रहने वाले परिजनों में कोरोना का कोई लक्षण नहीं पाया गया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने एहतियातन के तौर पर सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। वह डाक्टरों द्वारा मरीज की लगातार निगरानी की जा रही है। जिला चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरतन ने बताया कि कोविड पाज़ीटिव मरीज के संपर्क में केवल उसकी पत्नी ही रही जो इलाज के दौरान उनके साथ देखभाल के लिए मौजूद हैं। पत्नी में कोई सिस्टम नहीं है। उन्होंने बताया कि 10 दिनों के भीतर यह तीसरा मामला है। पाज़ीटिव मिले शहर के एक व्यापारी की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हुई थी।

**कोरोना प्रभावितों को हास्पीटल में कराया गया क्वारेंटिन**

### पुलिस लाइन में मिला कोविड पाज़ीटिव

बताते चलें कि कन्हारपुरी व लखोली में मिले कोविड मरीज के क्रम में पुलिस लाइन में एक और कोविड पाज़ीटिव मिला हालांकि उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

### ज्यादातर मरीज 50 से अधिक उम्र के

जानने में आ रहा है कि अभी तक जितने भी कोविड के मरीज मिले हैं, वह ज्यादातर 50 से अधिक उम्र के है। उन्हें कुछ न कुछ शारीरिक समस्याएं हैं। लखोली क्षेत्र से सामने आए मरीज मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के कोविड वार्ड में भर्ती है। डाक्टरों के अनुसार उसे कुछ और भी गंभीर समस्याएं है जिसके चलते वह जल्दी रिकवर नहीं कर रहा। वह पिछले सप्ताह भर से बीमार रहा है।

### कोरोना के लक्षण पर सतर्कता बरते

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन आर नवरतन ने कहा है कि कोरोना के किसी भी तरह के लक्षण दिखाई पड़ने पर सतर्कता बरतते हुए नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र व जिला हास्पीटल अथवा मेडिकल कॉलेज हास्पीटल पहुंचकर जांच करवाएं। उन्होंने बताया कि जिले में चार केश एक्टीव है जिसमें से एक मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में भर्ती हैं। वहीं बाकी लोग घर में रहकर जरूरी सावधानी बरतते हुए दवाइयां ले रहे हैं।

बता दें कि शहर में लगातार कोरोना के मरीज सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर लोगों को कोरोना सहित अन्य मौसमी एवं जल जनित बीमारियों के संबंध में जानकारी दें रही है। इधर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. बीएस तुलावी, डॉ. सतीश मेश्राम, अखिलेश नारायण, कौशल शर्मा, रेणुका बत्रा, चंद्रमणि चंदेल शामिल हैं।

# मासूम बच्चे की मौत की जांच करने तीन सदस्यीय टीम गठित

### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

### मामला ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी का

छुरिया (दावा)। पंचायत सड़क चिरचारी में सूचना पटल गिरने से मासूम बच्चे की मौत के मामले की जांच कराने कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है । उन्हें एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गये हैं ।

विकासखण्ड छुरिया के ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में पूर्व सरपंच द्वारा सेवा सहकारी समिति के बाउण्ड्रीवाल में ईंट से बनाये गये सूचना पटल के गिर जाने से उसमें दबे मासूम बालक युवांश पिता नरेन्द्र उम्र पांच वर्ष की मौत हो गई । परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत के पूर्व सरपंच ने सूचना पटल के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जिसके चलते यह हादसा हो गया । खबर लगते ही पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने परिजनों एवं गुस्साए ग्रामीणों के साथ नेशनल हाइवे मार्ग पर चक्काजाम कर पीड़ित परिवार को मुआवजा एवं निर्माण कार्य में गड़बड़ी करने वाले और इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए धरने पर बैठ गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमलों में हड़कम्प मच गया। तत्काल घटना स्थल पर एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, तहसीलदार विजय कोठारी, जनपद सीईओ होरीलाल साहू बागनदी थाना प्रभारी विजय मिश्रा एवं पुलिस के आला अधिकारियों ने मोर्चा संभालकर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ। सोमवार को मृतक बालक के माता-पिता हैदराबाद से वापस लौटे जिसके बाद गमगीन माहौल में बालक का दाह संस्कार किया गया। इधर मासूम बच्चे की मौत की जांच कराने जिला कलेक्टर ने तीन सदस्यीय टीम का गठन कर एक सप्ताह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने निर्देश दिये हैं। इस जांच टीम में संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे, लोक निर्माण विभाग के ईई एस.के. चौरसिया, उपसंचालक पंचायत देवेन्द्र कौशिक को जिम्मा सौंपा गया है।




### पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता

पंचायत के निर्माण कार्य में ईंट से बने सूचना पटल के गिरने से मासूम बालक की मौत हो गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया । जहां एसडीएम ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता के तहत पचास हजार रूपये का अनुदान सौंपा है।

### पंचायतों में अब ईंट का नहीं बनेगा सूचना पटल

जनपद पंचायत छुरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत सड़क चिरचारी में घटिया सामग्री से बनाये गये सूचना पटल के गिर जाने से मासूम बालक की मौत हो गई। इस हादसे के बाद जनपद पंचायत में निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक बैठक लिया गया। जिसमें पंचायतों के निर्माण कार्यों में अब ईंट का सूचना पटल के स्थान पर लोहे का बोर्ड बनाने का निर्णय लिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com